
संविधान ने ही सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एक जुट रहे: सीजेआई - 7


भारत के स्वदेशी एआई मॉडल के लिए वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई - 10


गाजा युद्ध : मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण - 11


कुलदीप अब शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों के क्लब में शामिल - 12



आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.12
सूर्यास्त 05.45

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी 12:24 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 324, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## मंधाना ने एक साथ दो विश्व रिकॉर्ड बनाए



**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला वर्ल्ड कप मैच में एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह एक कैलेंडर वर्ष में 1000 वनडे रन बनाने वाली क्रिकेट इतिहास की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। साथ ही वनडे क्रिकेट में सबसे युवा और सबसे तेज पांच हजार रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। मिताली राज के बाद 5000 रन की यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह दुनियां की पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बनीं। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की जिससे उन्होंने महिला क्रिकेट की स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया। मंधाना ने पारियों के मामले में पुरुष टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली 114 पारी और धवन 118 पारियों को पीछे छोड़ दिया। रविवार को मंधाना ने 66 गेंद में 80 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी। इस मैच से पहले मंधाना के 17 मैच में 982 रन थे। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (1997 में 970 रन) का एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**1000**
रन एक कैलेंडर वर्ष में पूरा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं

**5000**
सबसे तेज रन बनाने वाली युवा बल्लेबाज बनीं भारतीय उपकप्तान

# रन फॉर यूनिटी से एकता व अखंडता की अलख : योगी

### सीएम बोले-31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक 'सरदार @150 यूनिटी मार्च'

- **लोकसभा क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा, अभियान से जुड़ेंगे खिलाड़ी-कलाकार व युवा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने सरदार@150 यूनिटी मार्च का एलान किया है। बताया कि रन फॉर यूनिटी 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक प्रदेशभर में एकता और अखंडता के प्रतीक इस अभियान को चलाया जाएगा। सभी क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा होगी और अभियान से खिलाड़ी, कलाकार व युवा जुड़ेंगे।

आवास पर रविवार को प्रेस ब्रीफिंग में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर पूरे प्रदेश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन होगा। साथ ही 31 अक्टूबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक सरदार@150 यूनिटी मार्च चलेगा। इसमें यूपी के खिलाड़ी, कलाकार और युवा भाग लेंगे। प्रत्येक जिले से चुने गए पांच-पांच युवा गुजरात की धरती पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 150 किमी की पदयात्रा करेंगे। ये दल चार प्रमुख पड़ावों से गुजरते हुए सरदार साहब की जन्मभूमि तक पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, भारत की एकता के शिल्पी थे। जब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, उनके आदर्श हमें नई दिशा देते हैं। कहा कि प्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, योग शिविर और वोकल फॉर लोकल अभियान जैसे कार्यक्रम होंगे। युवाओं को नशामुक्त भारत की शपथ भी दिलाई जाएगी।



सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### पटेल के आगे नहीं चली नवाब व निजाम की मनमानी

योगी ने कहा कि जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम की मनमानी उस समय सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय के आगे टिक नहीं सकी। लौहपुरुष की दूरदर्शिता से ही आज का अखंड भारत संभव हुआ। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से सरदार पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष देशभर में 'सरदार @150 यूनिटी मार्च' आयोजित होगा।

## भाजपा-जदयू 101-101 सीटों पर लड़ेंगी चुनाव

### बिहार चुनाव : राजग दलों में सहमति के बाद सीटों का एलान

- **लोजपा (रामविलास) 29, रालोमो 6 और हम – 06 सीट पर लड़ेंगे चुनाव**

नई दिल्ली/पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सीटों का एलान आधिकारिक रूप से रविवार शाम को कर दिया गया। दलों में हुए समझौते के तहत भाजपा 101, जनता दल (यूनाईटेड) जेडीयू-101 लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) लोजपा (आर) - 29, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (आरएलमो) - 06 और हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा (हम) - 06 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगी। यह जानकारी बिहार चुनाव के भाजपा प्रभारी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक पोस्ट में दी।

बिहार के उपमुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने भी सीट बंटवारे की जानकारी एक्स पर दी थी। धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, हम राजग के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इस सीट बंटवारे हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। प्रधान ने अपने पोस्ट में लिखा बिहार है तैयार, फिर से राजग सरकार। गौरतलब है कि बिहार सीट बंटवारे को लेकर राजग के सभी दलों के बीच पिछले कई दिनों में कई दौर की बैठक दिल्ली और बिहार में हुई थी। लेकिन रविवार शाम को राजग दलों में आपसी सहमति के बाद सीटों की सूची जारी कर दी गई। हम पार्टी के प्रमुख मांझी ने सीट बंटवारे की आधिकारिक घोषणा से पहले ही एक्स पर एक पोस्ट में यह साफ कर दिया था कि वह राजग सहयोगी के तौर पर चुनाव में उतरने जा रहे हैं।



## बीएसएफ की वायु शाखा की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बनीं भावना

**नई दिल्ली।** बीएसएफ की वायु शाखा को अपने 50 साल से अधिक के इतिहास में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर मिली है। वायु शाखा में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर की नियुक्ति आंतरिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद हुई है। इंस्पेक्टर भावना चौधरी को बीएसएफ डीजी दलजीत चौधरी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए। बीएसएफ को 1969 से गृह मंत्रालय की विमानन इकाई का दायित्व सौंपा गया है और यह अर्द्धसैनिक बलों व एनएसजी व एनडीआरएफ जैसे विशेष बलों की अभियानगत आवश्यकता को पूरा करता है।



# दो कैब चालकों की हत्या करने वाला डेढ़ लाख का इनामी ढेर


- **लखनऊ व शाहजहांपुर में हत्या कर की थी लूटी, मुठभेड़ के दौरान साथी फरार**

**लखनऊ।** लखनऊ व शाहजहांपुर में 8 दिन में दो कैब चालकों की हत्या कर कार लूटने वाले गिरोह के सरगना व डेढ़ लाख के इनामी गुरुसेवक को पारा पुलिस ने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित जीरो प्वाइंट पर मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस ने लूटी कार समेत हथियार बरामद किए है।

रविवार सुबह पुलिस ने गिरोह के साथी विकास कनौजिया को दुबग्गा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया था। इससे दो दिन पहले मुठभेड़ में अजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिस समय अजय को गिरफ्तार किया था उस दौरान गुरुसेवक फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस आयुक्त अमरेंद्र ने उस पर एक लाख का इनाम घोषित कर दिया। बता दें कि गुरुसेवक ने 29 सितंबर को पारा से कैब बुक कर चालक योगेश की हत्या कर शव सीतापुर में फेंक दिया था। 6 अक्टूबर को शाहजहांपुर के पुवायां से सितारगंज जाने के लिए कैब चालक अवनीश को बुक किया था। गिरोह ने उसकी हत्या कर कार लूटी और शव को शाहजहांपुर-बरेली मार्ग पर फेंक दिया था। बरेली में भी उस पर 50 हजार का इनाम था। (संबंधित पेज-3)








मेला प्रारम्भ सायं 5 बजे
Rotary
TEAM VIRAJ
रोटरी क्लब ऑफ बरेली
प्रस्तुत करता है
चैरिटेबल ट्रस्ट
SRASHTIPURTI
CARNIVAL THEME
62 वां
महान दिवाली मेला
एस्ट्रोनॉमी लैब एवं लैग्वेज लैब की स्थापना के सर्टिफिकेट वितरण
उद्घाटन समारोह
आज के मेले का शुभारम्भ
मुख्य अतिथि
श्री अविनाश सिंह IAS
जिलाधिकारी, बरेली
सांस्कृतिक संध्या
मुख्य अतिथि
डॉ. उमेश गौतम
महापौर, नगर निगम, बरेली
विशिष्ट अतिथि
श्री संजीव कुमार मौर्य IAS
नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली
11-12-13 Oct. 2025
Venue : Bareilly Club Ground, Bareilly
Co-Sponsors
AMBER Sunshine
BHUTANI INFRA INSPIRED BY INNOVATION
चक्र कच्ची घानी सरसों का तेल
Capital Crafter We make it happen
PMSV Financial Services Pvt. Ltd.
R.K. ENTERPRISES AREENA REFINED OIL (COMING SOON)
Powered By
NANDI mango tree APARTMENTS
Shurbhi Paints
HOTEL CHEER ROYALE
Creation Biotech
Nath Nagari Sponsor
CITY CENTRE LA
Energy Partner
IndianOil
MONDAY 13 OCT. 2025
FACE IN CROWD
Amar Alum & Allied Chemicals Pvt.Ltd.
Golden Couple
FOCUS PATHLAB
DANCE COMPETITIONS UPTO 12 yrs 8-9 pm
KRIDHA PLYWOOD | LAMINATES
Best Couple
NANDI mango tree APARTMENTS
CRACKER SHOW All 3 Days
MUSICAL NIGHT All 3 Days
SUPERIOR INDUSTRIES
MELA QUEEN
DG INFRA GROUP
Associate Sponsors
Automobile Partner
COMMERCIAL GROUP
TOYOTA
ŠKODA
Volkswagen
MXALIFE SUPER SPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
Rajshree
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
ramaa shyama
V-GUARD Midlite Electric Co. Nikunj Mittal
MARUTI Coral Motors
बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
CASA DIVINE
ICICI Lombard
SnaQ Trail MADHUSUDAN ENTERPRISES
Sri Chaitanya School
Dhir
INTERNATIONAL CITY
मिशन अस्पताल ESTD. 1870
Punjab & Sind Bank
RAM KUMAR AGARWALA JEWELLERS
Tea Partner
ATC tea
Rtn. Dr. Manish Sharma President 9359101513
Rtn. CA Mohit Vaish Mela Director 9411632875
Rtn. Shekhar Yadav Secretary 8881988887
Rtn. Dr. A.K. Chauhan Chief Club Trainer
Rtn CA Amit Manohar Co-Mela Director 8392929282
Rtn Rahul Jaiswal Co-Mela Director 7520333336
Rtn. Arvind Gupta Treasurer 9412291072

न्यूज ब्रीफ

## केशव मौर्य ने रूस में देखा बुद्ध मठ



बुद्ध मठ के अध्यक्ष से मिलते केशव मौर्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** इन दिनों रूस दौर पर गए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वहां काल्मिकिया गणराज्य के एलिस्ता शहर में निर्माणाधीन बुद्ध मठ में माता ग्रीन तारा देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही, मंदिर एवं पार्क निर्माण की प्रगति और उससे जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त की। केशव मौर्य प्रतिनिधिमंडल के साथ बुद्ध के अवशेषों को लेकर शनिवार को रूस पहुंचे थे। इस दौरान रविवार को अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी से भारत और रूस के सांस्कृतिक व राजनैतिक रिश्तों में और गहराई आएगी।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग लेगा फीडबैक

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल 14 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश का दौरा कर राज्य एवं केंद्र की सांख्यिकीय व्यवस्थाओं के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर मंथन करेगा। आयोग इस बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ भी संवाद स्थापित करेगा। इस उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष, प्रो. राजीव लक्ष्मण करिदकर करेंगे। वहीं, नीति आयोग से अन्ना रॉय (प्रमुख आर्थिक सलाहकार) और भारतीय रिजर्व बैंक से डीएआर जोशी (अधिशासी निदेशक) एवं सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 19 सदस्य अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल इस बैठक में शामिल रहेगा।

## दानिश आजाद ने की मुंबई मैराथन की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. सरकार के राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी ने रविवार सुबह मुंबई में आयोजित सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन की शुरुआत की। 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की इस मैराथन में मुंबई के हजारों युवाओं ने भाग लिया। मैराथन में आए हुए युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का एक संदेश गया है, हजारों की यह भीड़ बताने के लिए काफी है कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का जो संकल्प है, उस संकल्प पर पूरा भारत एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है।

## धोखाधड़ी में पंचायत अध्यक्ष समेत 7 नामजद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नैनीताल जिले में 7.6 एकड़ बेशकीमती जमीन का स्वरूप बदलकर उसकी खरीद-फरोख्त के आरोपों ने राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। हल्द्वानी निवासी रविशंकर जोशी की शिकायत पर आईजी कुमाऊं के निर्देश पर थाना काठगोदाम पर जिपं अध्यक्ष दीपा दरम्वाल और पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल के बेटे हरेंद्र सिंह कुंजवाल समेत सात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह जमीन सरकारी बतायी गयी है।

# मेरठ में श्मशान घाट पर तंत्र-मंत्र करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ,एजेंसी**

जिले में मुंडाली थाना क्षेत्र के अजराड़ा गांव में श्मशान घाट पर जली चिता से खोपड़ी निकालकर तंत्र-मंत्र करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि एक फरार हो गया। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात श्मशान घाट पर कथित तांत्रिक अनुष्ठान करते दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, जबकि उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान बलजीत और इमरान के रूप में हुई है।

पुलिस ने मौके से कथित तांत्रिक सामग्री भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक (देहात) अभिजीत कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने तांत्रिक अनुष्ठान करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 301 (कब्रिस्तान और पूजा स्थलों पर अतिक्रमण), 299 (जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) और 196 (विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जबकि फरार अन्य आरोपी की तलाश जारी है। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी कि कुछ लोग हाल में जली चिता से मानव खोपड़ी निकालकर उसके पास चावल, नींबू, अगरबत्ती और शराब की बोतल रखकर कोई क्रिया कर रहे थे। सिंह के अनुसार यह वही चिता थी जिस पर गांव के युवक गजेंद्र का कुछ घंटे पहले अंतिम संस्कार किया गया था।


### पहली बार हुई है ऐसे ब्लैक होल की खोज, एक ही कक्षा में चक्कर लगा रहे हैं दोनों

# एरीज के वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वां ब्लैक होल

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वैज्ञानिकों ने पहली बार एक साथ दो ब्लैक होल की खोज करने में सफलता हासिल की है। यह दोनों ब्लैक होल (क्वासर) एक ही कक्षा में एक-दूसरे के चारों ओर चक्कर लगा रहे हैं। इस ब्लैक होल का नाम ओजे 287 है।

एरीज के खोजकर्ता वैज्ञानिक डॉ. आलोक गुप्ता ने बताया कि पहली बार एक-दूसरे का चक्कर लगा रहे दो ब्लैक होल देखे गए हैं। यह दोनों एक-दूसरे के आकर्षण में बंधे एक-दूसरे की परिक्रमा कर रहे हैं। ब्लैक होल आमतौर पर अदृश्य होते हैं, लेकिन जब उनका




एक दूसरे की परिक्रमा करते, एरीज द्वारा खोजे गए ब्लैक होल की तस्वीर।

प्रकाश गिरता है तो जबरदस्त चमक उत्पन्न होती है। इस खोज में ऑप्टिकल व रेडियो टेलीकोप का सहारा लिया गया और इसकी पुष्टि के लिए कई देशों के वैज्ञानिकों ने जमीन व अंतरिक्ष में स्थापित दूरबीनों का उपयोग किया गया, तब जाकर पता लगा कि यह वास्तव में बड़ी खोज है, जो ब्लैक होल के अध्ययन व रहस्यों की दिशा में नई दिशा दे सकते हैं।

इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का मानना है कि यह जुड़वां ब्लैक होल हमारे ब्रह्मांड के भविष्य की एक खिड़की है और इससे पता चलता है कि जब ब्लैक होल अंततः आपस में टकराते हैं तो वे स्पेसटाइम में टाइटैनिक तरंगें छोड़ते हैं। इन तरंगों को गुरुत्वाकर्षण तरंगें कहा जाता है। इस खोज के दौरान ब्लैक होल से निकलने वाले जेट का भी पता चला है।

किसी भी ब्लैक होल से तेज ऊर्जा जेट के समान उत्सर्जित होती है तो प्रकाश तेज गति से एक सीधी लाइन में आगे बढ़ता है। किसी ब्लैक होल में होने वाला यह जबरदस्त विस्फोट है। यह खोज एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित हो चुकी है। इस खोज में डॉ. आलोक गुप्ता के साथ ही एरीज के ही डॉ. शुभम किशोर शामिल रहे। उनका कहना है कि यह बाइनरी ब्लैक होल प्राकृतिक प्रयोगशाला है, जो दुनिया के वैज्ञानिकों के प्रयोगों में काम आएगी।

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी का आगरा दौरा रद्द

**आगरा, एजेंसीः** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी का रविवार को होने वाला आगरा दौरा रद्द हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री रविवार को ताजमहल का दीदार करने के लिए आने वाले थे लेकिन किन्हीं कारणों से उनकी ये यात्रा रद्द हो गई है।

उन्होंने बताया कि तय कार्यक्रम के मुताबिक मुत्तकी को रविवार को अपराह्न 11 बजे ताजमहल पहुंचना था और एक घंटे ताजमहल का दीदार करने के बाद उन्हें आगरा में ही दोपहर का भोजन करने के बाद वापस दिल्ली रवाना होना था। मुत्ताकी का आगरा में ताजमहल का दौरा क्यों रद्द हुआ, इसकी वजह पता नहीं चला पायी है। जिला प्रशासन के प्रोटोकॉल विभाग ने मुत्तकी के आगरा कार्यक्रम के रद्द होने की पुष्टि की है।

# गोमती में नहीं गिरेगा एक भी सीवरेज, बनेगी कार्ययोजना

### गोमती पुनर्जीवन मिशन की घोषणा, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती का संकल्प दोहराते हुए रविवार को 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की। शीर्ष अफसरों को निर्देश दिए कि गोमती में एक भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार करें। हिदायत दी कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए, ताकि गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकें।



अपने लखनऊ स्थित आवास पर गोमती की सफाई के संबंध में टेरीटोरियल आर्मी के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

- नदी किनारे बसी अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश

मुख्यमंत्री आवास पर रविवार सुबह टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित बैठक में योगी ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के प्रति साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से चलने वाली एक जन-आंदोलनात्मक पहल होगी।

योगी ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील जैसे नए वेटलैंड विकसित किए जाएंगे। नदी किनारे के अवैध अतिक्रमणों को हटाने, घाटों के सौंदर्यीकरण और तटीय हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लागू किया जाएगा, क्योंकि सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में इसकी बड़ी भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टास्क फोर्स की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए और हर स्तर पर पारदर्शिता व जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर नवतेज सिंह सोहल, ब्रिगेडियर सी. माधवाल, कर्नल अरविन्द एस. प्रसाद, ले. कर्नल सचिन राणा, ले.कर्नल सौरभ मेहरोत्रा, मेजर केएस नेगी, प्रो. डॉ. वेंकटेश दत्ता, ले. कर्नल हेम लोहुमी, एसएम (सेवानिवृत्त) के साथ-साथ शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## गेंदबाजी कर रहे खिलाड़ी की हार्ट अटैक से जान गई

**बिलारी, अमृत विचार :** स्थानीय चीनी मिल के मैदान में यूपी वेटर्न्स क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में क्रिकेट मैच के दौरान एकता विहार मुरादाबाद थाना कटघर निवासी 50 वर्षीय अहमर खान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उस समय मुरादाबाद और संभल के बीच मैच चल रहा था। 20 ओवरों के मैच में अंतिम ओवर की अंतिम बॉल फेंकते ही मुरादाबाद की टीम जीत गई, इन्होंने हाथ उठाकर खुशी का इशारा किया। उस समय संभल के शाने आलम बल्लेबाजी कर रहे थे। खुशी जताते समय अहमर बेहोश होकर मैदान पर गिर गए। साथी खिलाड़ियों ने उन्हें सीपीआर दिया तो लगा कुछ सांस लौटी कुछ आवाज भी निकली। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके परिवार में पत्नी शहला खान, दो बच्चे रियान, अहराज, बड़े भाई फिरोज खान, एक बहन है। स्थानीय सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए थे। उन्हें साथियों ने सीपीआर भी दिया।



# मुठभेड़ में मारे गए गुरुसेवक पर बरेली में भी था 50 हजार का इनाम

**कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** पुवायां के कार चालक अवनीश हत्याकांड में फरार आरोपी गुरुसेवक लखनऊ में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। बता दें कि पुवायां थाना क्षेत्र के कार चालक अवनीश दीक्षित की हत्या करके कार को लूटकर ले गए थे। कार चालक का शव रोजा क्षेत्र में झाड़ी में मिला था। गुरुसेवक पर कुल 1.50 लाख का इनाम था। आरोपी पर डीआईजी रेंज बरेली ने भी 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

आरोपी गुरु सेवक कार की बुकिंग करा कर ले गया था, शुक्रवार को उसका साथी अजय सिंह लखनऊ में पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया था। आरोपी गुरु सेवक फरार हो गया था। आरोपियों ने उन्नाव के एक व्यक्ति की कार लूटकर सीतापुर में हत्या कर दी थी। पुवायां के प्रभारी निरीक्षक रवि किरन सिंह ने बताया कि फरार आरोपी गुरु सेवक लखनऊ में पुलिस मुठभेड़ में रविवार रात घायल हो गया था और केएमसी अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

## आठ दिन में दो कैब चालकों की हत्या कर लूटी थी कार

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ व शाहजहांपुर में आठ दिन में दो कैब चालकों की हत्या कर कार लूटने वाले गिरोह के सरगना व डेढ़ लाख के इनामी गुरुसेवक को पारा पुलिस ने रविवार रात लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित जीरो प्वाइंट के पास मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस ने मौके से कई कारतूस, 38 बोर की पिस्टल, 32 बोर की रिवॉल्वर और शाहजहांपुर में लूटी गई कार समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। रविवार सुबह पुलिस ने गिरोह के साथी विकास कनौजिया को दुबग्गा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया था। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि 10 अक्टूबर की रात बदमाश अजय सिंह को किसान पथ के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था।



गुरुसेवक।

# कांग्रेस ने वोट बैंक के चक्कर में लागू नहीं किया यूसीसी

**संवाददाता, पंतनगर**

- पंतनगर विवि में संवाद कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री धामी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने पंतनगर विवि द्वारा उत्पादित नवीन दलहनी प्रजातियों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर किसानों की प्रगति पर चर्चा करने के साथ-साथ प्रदेश में नकल विरोधी कानून और समान नागरिक संहिता पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को सीएम ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू कर सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून और अधिकार स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है।

हमने अनुभव किया कि समाज में कुछ समुदायों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के कारण भेदभाव, असमानता और अन्याय की स्थिति बनी हुई है। यूसीसी का उद्देश्य इन्हीं भेदभावों को समाप्त कर राज्य के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करना है। यूसीसी के लागू होने से जहां राज्य के सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले हैं तो महिला सशक्तिकरण को भी बल मिला है।

## गोरखपुर में चलती एम्बुलेंस में आग लगी, अफरा-तफरी

**गोरखपुर, एजेंसी :** गोरखपुर-कुशीनगर फोरलेन पर सोनबरसा ओवरब्रिज पर रविवार को एक चलती एम्बुलेंस में आग लग गई, जिसके बाद सीएनजी टैंक में विस्फोट होने से अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस के अनुसार, एम्बुलेंस के एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जिससे पूरी एम्बुलेंस आग की चपेट में आ गई, जिसके कुछ देर बाद सीएनजी टैंक में विस्फोट हो गया। घटना के कारण राजमार्ग पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर करीब तीन बजे हुई। एसी यूनिट से चिंगारियां निकलने लगीं और देखते ही देखते वाहन में आग लग गई।

# गुजरात की फर्म से प्रदेश में हो रही कफ सिरप की सप्लाई

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- ताबतोड़ छापेमारी में लगाए गए 13 जिलों के औषधि निरीक्षक

**अमृत विचार :** प्रदेश में कोडिन कफ सिरप की सप्लाई गुजरात की फर्म के जरिए हो रही है। सूत्रों से जानकारी मिलने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने 13 जिलों के औषधि निरीक्षकों की टीम बनाकर ताबतोड़ छापेमारी शुरू की है। शनिवार शाम से शुरू हुई कार्रवाई रविवार तक भी चलती रही।

टीम ने लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में दस जगह पर छापा मारा। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर सील किए गए। अफसरों का कहना है गुजरात की फर्म के जरिये नॉरकोटिक्स की दवाएं व कफ सिरप कई जिलों में आपूर्ति की गई थी। मालूम हो कि इसके पहले टीम ने शनिवार को आलमबाग स्थित स्नेहनगर शिव शांति आश्रम के निकट दीपक मनवानी के घर से करीब तीन लाख रुपये कीमत की कफ सिरप बरामद की थी। आरोपी के विरुद्ध कृष्णानगर थाने में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि कोडिन कफ सिरप के अवैध काम में लिप्त फर्मों पर नकेल कसने के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम को बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म पर छापा पड़ा। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर छापा मारा। छापे की कार्यवाही के दौरान फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। फर्म जरिये भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप को एक ही फर्म को प्रदेश के अन्य जनपदों में विक्रय किया जाना पाया गया। टीम ने फर्म से जुड़े दस्तावेज जब्त कर लिए हैं।

सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश ने बताया, इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं। जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो चलता है। गुजरात की फर्म के जरिये बड़ी तादाद में कोडिन युक्त सिरप तैयार करके राज्य के अन्य जिलों मे भेजा जा रहा था।

### लखनऊ-सीतापुर में सील किए मेडिकल स्टोर

अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान मेडिकल स्टोर बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का दावा है कि मेडिकल स्टोर के जरिये बड़ी तादाद में कफ सिरफ व नॉरकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की गई है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बॉटल कोडिन कफ सिरप ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज फर्म से क्रय किया था। जांच दौरान मेडिकल स्टोर संचालक ने महज एक हजार बोतल का विक्रय प्रस्तुत किया। टीम ने फर्म को सील करते हुए संबंधित थाने को सूचना भेज दिया है।

उत्साह

### अंतराग्नि में बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान के गीतों ने भरा जोश, महोत्सव के अंतिम दिन युवाओं ने दिखाई प्रतिभा, जीते इवेंट्स

# धूम मचाले और क्रेजी किया रे पर झूमी आईआईटियंस




**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** आईआईटी कानपुर के युवा सांस्कृतिक महोत्सव अंतराग्नि में रविवार को बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान ने सुर-संगीत का जलवा बिखेरा। बॉलीवुड के अपने फेमस गानों के जरिये युवाओं को झुमाया।

देर रात तक चले इस इवेंट में युवा झूमते रहे। अंतराग्नि में सुबह से शुरू हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में देशभर से आई टीमों ने प्रदर्शन किया। अंतिम दिन हुए फाइनल राउंड में युवाओं ने प्रतियोगिता अपने नाम कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। अमृत विचार इस उत्सव का मीडिया पार्टनर है।



आईआईटी के वार्षिक उत्सव अंतराग्नि में गानें सुनातीं सुनिधि चौहान।

मंच पर सुनिधि चौहान के आते ही आईआईटियंस ने उनका उत्साह के साथ स्वागत किया।

उन्होंने एक के बाद एक हिट गीतों को सुना बॉलीवुड सिंगर ने युवाओं के बीच अपनी छाप बनाई। युवाओं ने पसंद के गीतों की फरमाइश भी की। उनके लोकप्रिय गीत 'शीला की जवानी' जैसे ही मंच से गाया तो उत्साह के साथ श्रोताओं ने दर्शक दीर्घा से ही गुनगुनाना शुरू कर दिया। इसी तरह 'देसी गर्ल', 'कमली-कमली' जैसे गीतों के जरिये माहौल भव्य हो गया। इसके बाद सुपरहिट गीत 'धूम मचाले', व 'क्रेजी किया रे,' पर युवा उत्साह में झूम उठे। इसके बाद 'बीड़ी जलइले पिया' और 'डांस पे चांस' जैसे गीतों पर युवा जमकर झूमें। नृत्य मंच पर 'जिटरबग' में जोश और लय का अद्भुत मेल रहा। आधुनिक और स्ट्रीट डांस फॉर्म्स के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। उत्साह से भरा 'कलर रन' पूरे कैंपस में रंग और खुशी बिखेर गया। प्रतिभागी इंद्रधनुषी रंगों में नहाए हुए स्वतंत्रता और उत्सव की भावना को जी रहे थे।

### स्पोर्ट्स और फिल्म

बीजीएसआई और रियल क्रिकेट टूर्नामेंट में गेमर्स ने रोमांचक मुकाबले पेश किए। कहानी स्क्रीनिंग' में लघु फिल्मों ने दर्शकों को भावनाओं की दुनिया में ले जाकर हर दिल को छू लिया। 'किरदार' के नाट्य मंचन ने हास्य, संवेदना और सामाजिक विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उधर 'फोटोस्टोरी' और 'वांडरलस्ट' में फोटोग्राफरों ने यात्राओं और पलों को तस्वीरों में कैद कर दर्शाया कि एक फ्रेम में हजार कहानियां छिपी होती हैं। इसके बाद 'ग्रूव एंड सूद' में कुंज सिंग्स और प्रतीक हरबोला के सुरीले गीतों ने रात में शांति और सुकून भर दिया। 'बॉयलर रूम' सत्र ने कैंपस की ऊर्जा को एक बार फिर चरम पर पहुंचा दिया।

### नुक्कड़ नाटक और मंडला आर्ट

सुबह की शुरुआत नुक्कड़ नाटक फाइनल्स से हुई। जहां प्रतिभागियों ने सामाजिक मुद्दों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। उनकी दमदार आवाज और भावनाओं ने दर्शकों को प्रभावित किया। इसके बाद 'अंतराग्नि आइडल' फाइनल ने संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों ने शास्त्रीय से लेकर आधुनिक गीतों तक अपनी अद्भुत गायकी से तालियां बटोरीं। वहीं, 'बैटल ऑफ आर्ट' में कलाकारों ने सीमित समय में कैनवास पर जादू बिखेर दिया। बौद्धिक माहौल में 'मेला क्विज' और 'दृष्टिकोण' के सत्र हुए, जहां ज्ञान, इतिहास और विचारों की गहराइयों में प्रतिभागियों ने अपनी समझ दिखाई।




अमृत विचार
बरेली, सोमवार,13 अक्टूबर 2025
बरेली देहात

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

## लकड़ी की टाल पर करते थे मजदूरी, देर रात हुआ हादसा

संवाददाता, मानपुर/शीशगढ़

- मालिक के रुपये देने को निकले थे दोनों
- सुबह परिजनों को पुलिस ने दी सूचना


मोहन स्वरुप और छोटे के फाइल फोटो।

**अमृत विचार:** बहेड़ी-शीशगढ़ रोड पर ग्राम जियानगला के पास शनिवार की देर शाम अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खड़े शीशम के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार दी थी कि बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम कुतुबपुर के प्रधान की सूचना पर रविवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बाइक के नंबर से मृतकों की शिनाख्त कराने के बाद परिजनों को सूचना दी। दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम को भेज दिए गए हैं।

बहेड़ी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ निवासी मोहन स्वरूप (35) तथा छोटे गांव में ही स्थित साजिम की लकड़ी की टाल पर मजदूरी करते हैं। मृतक मोहन स्वरूप के भाई महेंद्र ने बताया कि टाल मालिक साजिम ने शनिवार की शाम को दोनों को शीशगढ़ थाने के गांव मोहन पुर निवासी एक ग्रामीण को लकड़ी के 50 हजार रुपये देने के लिए भेजा था। लौटते समय देर रात में बहेड़ी-शीशगढ़ रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से दोनों की मौत हो गई। इंस्पेक्टर बहेड़ी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि सुबह कुतुबपुर के प्रधान नरेश गंगवार ने सूचना दी कि रविवार सुबह अपने खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम जिया नगला के सामने शीशगढ़-बहेड़ी मार्ग पर दो युवकों के शव खाई में पड़े दिखाई दिए। पास में ही मोटर साइकिल भी पड़ी थी। रात में किसी समय मोटर साइकिल सड़क किनारे खड़े शीशम के पेड़ से टकरा गई, जिससे दोनों की मौत हो गई।

बाइक के नंबर से मृतकों की शिनाख्त कराने के बाद परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है।

## कोटेदारों पर घटिया सामान थोपने का आरोप

**बिशारतगंज, अमृत विचारः** कार्डधारकों पर दबाव बनाकर घटिया क्वालिटी का वाशिंग पाउडर और साबुन बेचने का मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना है।

रविवार को वायरल हुई पोस्टों में आरोप लगाया गया है कि कोटेदार 70 में वाशिंग पाउडर और 30 में तीन साबुन लेकर कुल 100 वसूल रहे हैं। न लेने पर राशन न देने की धमकी दी जा रही है, साथ ही यह कहा जा रहा है कि यह सामग्री ऊपर से आई है और उसे लेना ही पड़ेगा।

सभासद बबलू मोर्य ने कहा कि कोटेदारों द्वारा इस तरह धमकाना और घटिया क्वालिटी की सामग्री बेचना गलत है। कोटेदारों की ओर से सफाई दी गई है कि वाशिंग पाउडर और साबुन विभाग द्वारा ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं और उन्हें विभागीय आदेशानुसार ही वितरित किया जा रहा है। जबरन थोपने की शिकायत निराधार है। कोटेदार जबरन सामान देने की बात गलत कहते हैं फिर भी सामान बेच रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, मीरगंज

- धमकियों से डरी थी मां, दो माह दी पुलिस को दी तहरीर
- शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था आरोपी

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ हुए दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी को लेकर पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि जनपद रामपुर के बिलासपुर क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री को झांसे में लेकर दो माह पूर्व उसके घर पहुंचकर दुष्कर्म किया और शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर में बताया है कि वह और उसकी नाबालिग पुत्री एक वर्ष पूर्व से रामपुर के बिलासपुर स्थित काली मांता मंदिर राधा कालोनी आते जाते थे। इसी दौरान वहां पर युवक से जान पहचान हो गई थी और वह युवक यहां उसके घर आने लगा था।

विश्वास का फायदा उठाकर युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री को झांसे में लेकर दो माह पूर्व उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने मोबाइल पर अलग अलग नंबरों से शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है।

महिला का कहना है कि धमकियां मिलने के बाद उसका परिवार दहशत में है। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एक रात में चार घरों को चोरों ने बनाया निशाना

संवाददाता, गुलड़िया

**अमृत विचारः** सिरौली थानाक्षेत्र के गांव बड़ा गांव में शनिवार की रात चोरों ने ग्रामीण के घर में घुसकर बक्सा को खंगाला और उसमें रखे सोने चांदी के आभूषण व पांच हजार नगद चुरा ले गये।

शनिवार की रात चोरों ने बड़ा गांव में महेन्द्र पाल के घर में घुसकर कमरे में रखे बक्सा व कपड़ों से भरे बैग को खंगाला। बैग में बक्से की चाभी मिलने पर उससे बक्से का ताला खोलकर उसमें से सोने व चांदी के जेवरात व पांच हजार की नगदी ले गये। महेंद्र पाल की पत्नी मीरा ने सुबह ग्राम प्रधान को सूचना दी और फिर पुलिस को तहरीर दी।

मीरा देवी ने बताया कि चार बच्चों के साथ वह गांव में अकेली रहती हैं पति पानीपत में मजदूरी करते हैं । सुबह भोर में जब वह उठी तो घर में चोरी होने का पता चला। उसी रात ग्राम गुलड़िया उपराला में भी चोरों ने तीन घरों में चोरी का प्रयास किया जिसमें इसरार व पूर्व प्रधान बृजलाल के घर के ताले टूटे पाए गये। कंचन के घर से एक जोड़ी जेवरी व हाथ में पहनने वाली चांदी का गुच्छा चुरा ले गए।

## सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

**आंवला, अमृत विचारः** सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। एक नगरवासी ने गाटा और क्षेत्रफल समेत सरकारी भूमि का ब्यौरा देकर एसडीएम कार्यालय में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग है।

मोहल्ला गंज निवासी नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने नगर की सीलिंग की भूमि और ताडगंज मोहल्ले में खलिहान की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ये सभी भूमि सरकारी संपत्ति है, लेकिन कुछ लोग इन पर कब्जा करके उन भूमियों को अपनी बताकर बेचने लगे हैं। आरोप है कि इन भूमाफियाओं की पकड़ कई रसूखदार लोगों तक है।शिकायतकर्ता ने करीब दो दर्जन सरकारी भूमि के गाटा नंबर और उनका क्षेत्रफल प्रस्तुत करते हुए संबंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

# देर रात क्रय केन्द्र पर 300 क्विंटल धान की हुई तौल

संवाददाता, बहेड़ी

> मामला संज्ञान में है और इसकी हर संभव जांच की जाएगी। मंडी के सी सी कैमरे चेक कराकर राइस मिल से धान खरीदने की बात सामने आई तो कार्यवाही भी होगी
> –**कमलेश पाण्डे**, डिप्टी आर एम ओ

**अमृत विचारः** मंडी यार्ड में लगे यूपीएसएस के धान खरीद केंद्र पर रात में राइस मिल से करीब 300 क्विंटल धान लाकर तौल कराकर अनियमितता बरतने का आरोप क्रय केंद्र प्रभारी पर लगा है। मंडी में लगे सीसी कैमरे में इसकी फुटेज कैद हो गई है।

मंडी यार्ड में करीब 17 धान खरीद केंद्र बनाए गए हैं। इन सबके - बीच यूपीएसएस के धान खरीद केंद्र प्रभारी पर राइस मिल वालों से सीधा धान खरीदने का आरोप लगा है। किसान यूनियन के राजेश कुमार ने डीएम को इस प्रकरण की शिकायत की है। बताया कि शाम पांच बजे धान खरीद केंद्र बंद हो जाते हैं लेकिन शुक्रवार देर रात को केंद्र प्रभारी ने नैनीताल रोड हाईवे किनारे एक नेता की राइस मिल में सरकारी कट्टे पहुंचवाए। ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर रात में मंडी के एक नंबर गेट से मंडी यार्ड में धान को गिराया गया। नमी वाला धान दिनभर यार्ड में पड़ा रहा और दोपहर से केंद्र प्रभारी ने तौल कर सरकारी खरीद कर डाली।

इस मामले की डीएम के अलावा डिप्टी आरएमओ से भी शिकायत की गई है। मंडी के सीसी कैमरे में शुक्रवार की रात की धान आने की घटना कैद है। किसान यूनियन के राजेश कुमार का कहना है, कि यह केंद्र प्रभारी करीब पांच खरीद केंद्रों पर कार्यरत है। उन्होंने इस मामले मेंजांच कर कार्रवाई की मांग की है। केंद्र प्रभारी ने बताया कि यह उनका निजी धान है।

## आतिशबाजी की दुकानों के लिए जगह की तलाश

**नवाबगंज, अमृत विचार :** आतिशबाजी की दुकाने लगवाने के लिए तहसील प्रशासन की ओर से उपयुक्त स्थान की तलाश की जा रही है।

तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव के साथ कई स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान सेना पड़ाव और ए-टू-जेड के पास खाली भूमि सबसे उपयुक्त मानी गई। तहसीलदार ने बताया कि सेना की भूमि पर दुकानें लगाने के लिए रक्षा संपदा विभाग से अनुमति लेने को कहा गया है। अनुमति मिलने पर वहां पटाखों की दुकानें लगाई जाएंगी। अन्यथा ए-टू-जेड के पास की खाली जमीन को विकल्प के रूप में चुना जाएगा।

सेंथल क्षेत्र में स्टेशन रोड पर आईआईटी के पास पटाखों की दुकानें लगाने की व्यवस्था की जाएगी।

# दोहरे मतदाता होने की एसडीएम से शिकायत

संवाददाता, आंवला :

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के अज्ञात व्यक्ति ने एसडीएम आंवला को कुछ लोगों द्वारा दोहरे मतदाता होने की शिकायत की है। डीएम ने मामले की जांच के आदेश किए हैं।

अज्ञात द्वारा भेजे गये शिकायती पत्र में बताया गया है कि ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के गांव सिहुलिया और मझगवां ब्लॉक के गांव खनगावां श्याम निवासी कई लोग तहसील कार्यालय के समीप स्थित मुंसिफ कोर्ट के पीछे, वार्ड संख्या 16 किला अनुपुरा की नई बस्ती में रह रहे हैं। इन लोगों ने नगर निकाय चुनाव में जिम्मेदार लोगों से मिलकर नगर क्षेत्र में अपने वोट बनवाए और चुनाव में मतदान भी किया। इनमें से कुछ के पास अभी भी गांव की आईडी है और इनके वोट गांवों में भी बने हुए हैं।

अज्ञात शिकायतकर्ता ने दो स्थानों पर वोट होने का दावा करते हुए मतदाता सूची की छायाप्रति भी शिकायत के साथ संलग्न की है और उक्त मोहल्ले की वोटर लिस्ट की विभागीय स्तर पर जांच कराने तथा नगर अथवा गांव, किसी एक स्थान से इन लोगों के नाम काटने की मांग की है।

एसडीएम आंवला विदुषी सिंह ने अधिशासी अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## 10 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

**सिरौली,** : अलीगंज रोड पर पुलिस ने एक व्यक्ति से दस किलो गांजा बरामद किया है। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक आकाश कुमार व सत्यवीर सिंह पुडीर कांस्टेबिल वेदराम व राहुल ने गश्त के दौरान रईस बाबू को गिरफ़्तार किया।

## वाहन की टक्कर से राहगीर घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** शंखा-अगरास रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल घूम रहा युवक घायल हो गया। राहगीरों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

रविवार को दोपहर करीब एक बजे अगरास-शंखा रोड पर कस्बा शाही निवासी इरफान अली पैदल शंखा से अगरास की ओर जा रहा था। कोई अनियंत्रित अज्ञात वाहन उनको जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया।

### सूचना

मेरा पुत्र वैभव सिंह कक्षा 11–ब का छात्र है। मेरे पुत्र की सेकेंडरी परीक्षा (कक्षा–10) वर्ष 2025 के अंक प्रमाण पत्र में मेरा नाम ब्रजेन्द्र कुमार सिंह तथा माता का नाम सरिता सिंह दर्ज है। जो कि गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम ब्रजेन्द्र कुमार तथा माता का नाम सरिता है। उक्त सही नाम मेरे पुत्र के शैक्षिक रिकॉर्ड में दर्ज किया जाये। **ब्रजेन्द्र कुमार पुत्र श्री हरीशचन्द्र निवासी ग्राम अताईपुर कोहना, तह. कायमगंज, जिला फर्रूखाबाद हाल निवासी:- साउथ सिटी, शाहजहांपुर**

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

NSNH NEW SHRI NARAYANA HOSPITAL
न्यू श्री नारायणा हॉस्पिटल
डा. प्रदीप कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
Retd. ACMO
जनरल सर्जन
डॉ. राम निवास
एम.बी.बी.एस. एम.डी.
(एनेस्थेसियोलॉजिस्ट)
जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ
डॉ. राजा गुप्ता
जनरल फिजिशियन
डॉक्टर्स पैनल
डा. प्रदीप कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. Retd. ACMO जनरल सर्जन
डा. ओमवती एम.बी.बी.एस., डीजीओ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. अहमद अली अंसारी एम.बी.बी.एस. डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डा. राम निवास एम.डी. (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट) जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ
डा. कुन्दन कुमार एम.बी.बी.एस., एमसीएच न्यूरो सर्जन
डा. अमन अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच. गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डा. सुजाय मुखर्जी एम.बी.बी.एस., एम.एस. जनरल सर्जन एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डा. निशान्त गुप्ता एम.बी.बी.एस., एम.एस. (आर्थो) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. प्रिया सिंह एम.बी.बी.एस. डी.जी.ओ, डी.एन.बी. स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. आशुतोष कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. रहबर इदरीश बी.डी.एस. एमआईडीए लखनऊ मुख दन्त एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ
डा. राजा गुप्ता बी.ए.एम.एस. ई.एम.ओ.
उपलब्ध सुविधायें :
• सिर एवं चेहरे की समस्त चोट, बुखार, खांसी, मलेरिया, टायफाइड का इलाज • दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी के समस्त प्रकार के आपरेशन की सुविधा • दूरबीन विधि द्वारा पेट के सभी प्रकार के आपरेशन की सुविधा • दूरबीन विधि द्वारा गुर्दा (किडनी) एवं मूत्र रोगों के सभी प्रकार के आपरेशन की सुविधा। • छोटे चीरे द्वारा हड्डी के समस्त आपरेशन एवं जोड़ प्रत्यारोपण • घुटना व कूल्हा बदलने की सुविधा उपलब्ध • नॉर्मल डिलीवरी व दर्द रहित प्रसव एवं बच्चेदानी के समस्त प्रकार के आपरेशन • बच्चों के समस्त प्रकार के रोगों को इलाज • वेन्टीलेटर, वाईपाइप युक्त ICU, NICU
डॉ. विवेक कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर
ठाकुर हरीश रावत चेयरमैन
समस्त प्रकार के दूरबीन व चीर वाले ऑपरेशन की सुविधा
24x7 भर्ती एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध
लाल फाटक शांतिकुंज स्कूल के पास, निकट ओवर ब्रिज, बदायूं रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं. : 8057953868

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
डॉ० एम.बी. गौतम
बी.डी.एस.
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
उपलब्ध सुविधायें
• शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
• दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler)
• हिलते हुए दांतों को जाम करना।
• दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT)
• मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
• दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
• सड़े गले दांतों को बना तकनीक के निकालना (Laser Filling)
• टेढ़े–मेढ़े, ऊँचे–नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces)
• डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/ Bridges)
• मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
• गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज।
• एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा
सम्पर्क करें:-
9997317000, 0581-4508701
स्थान परिवर्तन
प्रभा टाकीज के सामने वाली रोड, महाजन स्क्वायर 35/के रामपुर गार्डन, जीवन ज्योति अस्पताल के बराबर में, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
• 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
• बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
• आयुष्मान/सीजीएचएस/ ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
• कैशलेस ईलाज

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

बवासीर–भगन्दर–फिशर
पाइलोनाइडल साइनस Mob.: 8126164170
डॉ. वी.के. सिसोदिया
वरिष्ठ क्षार सूत्र विशेषज्ञ
B.Sc., B.A.M.S.
Proctologist (Ayur.), N.D.D.Y., C.C.K.S. (MUMBAI)
मिलें : प्रत्येक रविवार 12 पत्थर रोड, जलालाबाद (शाहजहाँपुर) में
बरेली एनोरक्टल क्लीनिक पता:- करगैना पुलिस चौकी के पीछे, बदायूं रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 98978382286

# वॉलीबाल-टेबल टेनिस में बीबीएल फाइनल में

## अंतरविद्यालयीय वॉलीबाल और टेबल टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले आज खेले जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बीबीएल अलखनाथ रोड शाखा में 14वें बीबीएल कप में अंतरविद्यालय वॉलीबाल और टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन दोनों प्रतियोगिताओं में बीबीएल ने सभी वर्गों में अपना दबदबा कायम किया। वॉलीबाल में सीनियर बालक वर्ग में बीबीएल अलखनाथ रोड की टीम ने दिल्ली पब्लिक स्कूल को हराकर और टेबल टेनिस में बालक वर्ग में बीबीएल पीलीभीत रोड ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले सोमवार सुबह 8 बजे से खेले जायेंगे।

वालीबॉल प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में आर्मी स्कूल ने ब्लू वर्ड को 2-0 और सेक्रेड हार्ट ने बीबीएल पीलीभीत रोड को 2-0 से हराकर और सीनियर बालिका वर्ग में आर्मी स्कूल ने बीबीएल पीलीभीत रोड को 2-0 और बीबीएल अलखनाथ रोड ने चिक्कर इंटरनेशनल को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सीनियर बालक वर्ग में बीबीएल अलखनाथ रोड ने दिल्ली पब्लिक स्कूल को 2-1 और विद्या वर्ल्ड ने आर्मी स्कूल को 2-0 से हराकर और जूनियर बालक वर्ग में सेक्रेड हार्ट नैनीताल रोड ने क्रिसेन्ट पब्लिक स्कूल को 2-0 और लायन्स रोहिला ने बीबीएल अलखनाथ रोड को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनायी।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अंडर-11 बालिका वर्ग में नंदिनी अग्रवाल ने वानी अग्रवाल को और परनीत कौर ने अनुष्का यादव को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-11 बालक वर्ग में आराध्य कुमार ने कुशाग्र जोशी को और सात्विक उपाध्याय ने सार्विक गुप्ता को हराकर, अंडर-13 बालिका वर्ग में सारवी गुप्ता ने इशिता श्रीवास्तव को और पावनी सक्सेना ने आरना को हराकर, बालक वर्ग में गुरजोत सिंह ने भुवन्यू सिंह को और अर्नव आनन्द ने सानिध्य गुप्ता को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-15 बालिका वर्ग में सानवी सूरी ने सताक्षी रूहेला को और निवृति गर्ग ने अविका सिंह को हराकर, बालक वर्ग में प्रबल सक्सेना ने क्षितिज पटेल को और दक्ष सक्सेना ने हरतेज सिंह को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

अंडर-17 बालिका वर्ग में मिशिका तिवारी ने रेनूका सक्सेना को और अलंकृति अग्रवाल ने लवीशा सक्सेना को हराकर, बालक वर्ग में संस्कार सक्सेना ने आर्यन वर्मा को और वंश मिश्रा ने पारस मेहंदीरत्ता को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य श्यामेश कुमार शर्मा, आयोजन सचिव दीपक गुप्ता, मो. उजैर, बीपी शर्मा, निशान्त शर्मा, गौरव राजपूत, सलमान, सुष्मिता, भुवनेश चन्द्रा, सुशील कुमार, घनश्याम यादव, प्रीति शुक्ला, संजीव, मुकुल आदि रहे। पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय के अध्यक्ष सर्वेश कुमार अग्रवाल करेंगे।


वॉलीबाल मैच में भिड़ती बीबीएल जूनियर व सीसीबीसीएस हरूनगला की टीम।


टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# मजनूपुर के वीडीओ पर लटकी कार्रवाई की तलवार

संवाददाता, आंवला

● मां-बेटियों के विधवा पेंशन के मामले में तैयार किए थे दस्तावेज

**अमृत विचार :** जीवित पति और पिता को को मृत पति दर्शाकर निराश्रित महिला पेंशन स्वीकृत कराने के मामले में मां बेटी से पेंशन की रिकवरी के आदेश होने के बाद अब जीवित व्यक्ति का मृत प्रमाण पत्र बनाने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी है। सीडीओ ने अमृत विचार मे प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर गलत दस्तावेज तैयार करने के मामले में आख्या मांगी है। वहीं एडीएम सिटी बरेली ने एसडीएम आंवला को पत्र जारी कर कहा कि मां-बेटियों ने गलत दस्तावेजों के जरिए पेंशन का लाभ लिया है। यह स्पष्ट करें कि फर्जी कागजात किस स्तर पर तैयार किए गए हैं। एसडीएम आंवला विदुषी सिंह ने तहसीलदार को जांच कर शीघ्र आख्या देने के निर्देश दिए हैं,

कस्बे के मोहल्ला गौसिया चौक निवासी हसीना पत्नी आसिफ ने 15 जुलाई को मुख्यमंत्री समेत विभिन्न अधिकारियों को शिकायत भेजी थी कि मोहल्ला अनुपुरा नई बस्ती निवासी अन्नी बेगम पत्नी अच्छन खां और उसकी बेटियां सन्नो बी तथा स्वालीन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पेंशन प्राप्त कर रही हैं। जांच में पता चला था कि जीवित अच्छन खां को मृत दर्शाकर उनकी पत्नी व दोनों बेटियों ने अलग-अलग वर्षों में निराश्रित महिला पेंशन स्वीकृत कराई थी। विवाहित पुत्री स्वालीन का पति रहटुइया निवासी मुजायद है। आलमपुर जाफराबाद के गांव मजनूपुर में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी ने 2019 में जीवित अच्छन खां के तीन अलग-अलग तिथियों वाले मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिए। सभी प्रमाणपत्र एक ही अधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर से जारी हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** राष्ट्र सेविका समिति, ब्रज प्रांत संगठन द्वारा रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर के कार्यालय पर कार्यक्रम किया गया। इसमें राष्ट्र सेवा, संस्कार और समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। सभी अतिथियों ने महिलाओं की एकता और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। मुख्य अतिथि विधायक डॉक्टर एम पी आर्य रहे इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर एके गंगवार , कृष्णा शर्मा, विमला शुक्ला, राजकुमारी, प्रशंसा शर्मा, प्रीती सक्सेना व सुमन सक्सेना उपस्थित रहीं।

### गोलू देवता मंदिर पर पौधरोपण 16 को

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के सुरला गांव स्थित गोलू देवता मंदिर में 16 अक्टूबर को पौधरोपण कार्यक्रम होगा। सांसद छत्रपाल गंगवार, भाजपा नेता अनिल कुमार सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख भोजीपुरा योगेश पटेल मंदिर में पूजन करेंगे। उसके बाद पौधरोपण करेंगे। मंदिर संस्थापक डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि मंदिर कमेटी ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### राम पर टिप्पणी करने वाले को जेल भेजा

**रिठौरा, अमृत विचार :** थाना हाफिजगंज के गांव भंडसर के मोहम्मद हसन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट से भगवान राम को लेकर अभद्र टिप्पणी की जिसका संज्ञान आते ही हिंदू संगठनों में भारी रोष व्याप्त हो गया। तुरंत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर ट्विटर पर शिकायत की गई। हिंदू जागरण मंच एवं स्वाभिमान समिति के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार फौजी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को फोन पर स्थिति से अवगत कराया। थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया आरोपी के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पटाखा फैक्ट्री का निरीक्षण किया

**रिठौरा, अमृत विचार :** दीपावली का त्योहार निकट आते ही प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। रविवार को एसडीएम सदर ने थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के मोहल्ला खाता स्थित इकराम खां की पटाखा फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। और जरूरी निर्देश दिए । नगर में लगने वाली पटाखा बाजार का स्थल भी चेक कर पुलिस को जरूरी निर्देश दिए। ज्ञात रहे दो दर्जन से अधिक पटाखा दुकानें दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज के मैदान में लगती हैं। जिसके लिए दुकानदारों को प्रशासन अस्थाई परमीशन देता है।

# अधर में लटका कन्या सुमंगला योजना का आवेदन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत कराया गया नवजात का आवेदन सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी वेबसाइट पर नहीं पहुंचा है ।

याकूबपुर निवासी हरीशंकर ने नवजात पुत्री के जन्म के बाद सरकार की सीआरएस ( सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम ) पर आवेदन किया था । सीएचसी पर उसके जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के साथ ही फीडिंग तो कर दी गई लेकिन 6 माह बीतने के बाद भी योजना की वेबसाइट पर दर्ज नहीं किया गया है। जबकि क्यू आर कोड पर पंजीकरण दिख रहा है। आवेदक की शिकायत पर सीएचसी प्रभारी अमित गंगवार के साथ जिले पर योजना का कार्य देख रहे हिमांशु कुमार ने भी मामला प्रदेश स्तर का बताते हुए पल्ला झाड़ लिया। फिलहाल, अभी तक पीड़ित की समस्या का समधान नहीं हुआ है।

# फतेहगंज पूर्वी में निकाली राम बरात, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

**अमृत विचार :** नगर में भगवान राम की बारात धूमधाम से ढोल नगाड़ों व बाजे गाजे के साथ निकाली गई। बारात में मौजूद झांकियां लोगों का मन मोह रही थी ।

रविवार को रामलीला कमेटी की ओर से श्री राम बारात शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रीराम बारात का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। राम बरात शोभायात्रा रामलीला मैदान से निकाली गई।जिसका शुभारंभ वरिष्ठ अतिथियों ने विधिवत पूजन करके किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के स्वरूप, गुरु विश्वामित्र, भगवान गणेश, हनुमान, शंकर-पार्वती, दुर्गा मां की झांकी, राधा-कृष्ण की झांकियां दर्शकों का मन मोह रही थी। शोभायात्रा नगर के रामलीला मैदान से शुरू होकर विभिन्न मंदिरों में भ्रमण के बाद नगर के प्रमुख मार्गो पर घुमाईं गई राम बारात का व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मेला अध्यक्ष पवन राज मिश्रा, कामराज मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, वैभव पांडेय,अतुल मिश्रा,विवेक मिश्रा,अजय गुप्ता,संजीत मिश्रा, डा. यशपाल सिंह रामू,राजकिशोर मौर्य आदि रहे ।


फतेहगंज पूर्वी में निकली रामबरात।

**रामलीला मेले का समापन**

**बहेडीः** नगर में रामलीला मेले का भव्य समापन शनिवार को हुआ। पूरे नगर में मेला समापन के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी । लोगों ने श्रद्धा के साथ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता की झांकी का दर्शन किया।


भोजीपुरा में निकाली गई राम बरात में रथ में सवार देव स्वरूप कलाकार।

### भोजीपुरा में रामलीला कमेटी ने झांकियों के साथ निकाली रामबरात, हुआ स्वागत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा में मेला श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में राम विवाह का मंचन किया गया। रविवार को रामलीला मैदान से बैंड-बाजों की धुन के साथ राम बरात निकाली गई। बारात में भगवान राम का स्वरूप रथ पर विराजमान था। राजा दशरथ और श्रेष्ठ मुनि भी अपने-अपने रथों पर सवार थे। बारात में भगवान शिव और श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियां भी शामिल रहीं। रामलीला गेट से प्रारंभ हुई बरात पीपलसाना गांव में होते हुए कस्बा भोजीपुरा नैनीताल रोड पर पहुंची जहां व्यापारियों ने राम बरात का भव्य स्वागत किया मेला संरक्षक डॉ एसपी गंगवार ने भगवान राम सहित सभी देवी-देवताओं के स्वरूप की आरती उतारी और तिलक लगाया। नैनीताल रोड सहित प्रमुख स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग बारात देखने के लिए एकत्र हुए।

### सात दिवसीय रामलीला का समापन

**मीरगंज, अमृत विचार :** जाम गांव में चल रही सात दिवसीय रामलीला का समापन हो गया। रामलीला मंचन में भगवान राम का राजतिलक कर प्रभु से सुख समृद्धि एवं सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भगवान राम का तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान अनिल यादव, त्रिवेनी यादव,गोविंद यादव,राहुल यादव, महावीर यादव उपाध्यक्ष,आदेश यादव कोषाध्यक्ष,विनोद शर्मा चंद्रपाल गंगवार, अमरपाल गंगवार, धीर सिंह मौर्य, आदि उपस्थित रहे।

### मीराबाई चरित्र लीला का हुआ मंचन

**फरीदपुर, अमृत विचार :** श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वधान में चल रही रामलीला महोत्सव मंचन में रविवार को श्री कृष्ण भक्ति मीराबाई चरित्र लीला और मोर नृत्य का मंचन हुआ। पवन देव चतुर्वेदी व्यास व श्रीराम का पूजन कर मंचन लीला का शुभारंभ किया गया। महोत्सव में दर्शकों के लिए एक यादगार शाम रही। कार्यक्रम की शुरुआत मीराबाई चरित्र लीला से हुई, जिसमें भक्त मीराबाई के जीवन और उनकी कृष्ण भक्ति को रंगीन मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।लीला में कैसे मीराबाई अपने समय की सामाजिक बाधाओं और पारिवारिक विरोधों के बावजूद भगवान कृष्ण के प्रति अपने प्रेम और भक्ति में दृढ़ रहीं। उनके भक्ति भाव, गीत और भावपूर्ण संवाद दर्शकों को भावविभोर कर गए। मंच पर कलाकारों ने मीराबाई की भक्ति, त्याग और सादगी को बहुत ही जीवंत रूप में पेश किया, जिससे हर दर्शक उनके प्रेम और श्रद्धा से प्रभावित हुआ। इस दौरान मेला कमेटी के संरक्षक वी.एन.अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, अतीश अग्रवाल , विकास अग्रवाल शानू, प्रतीक सिंगल , ब्रह्मा शंकर गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल बबलू, ओमवीर गुर्जर , शैलेश सिंह आदित्य गुप्ता अमित पांडे, अजीत प्रताप सिंह, ओमवीर यादव, मयंक अग्रवाल, राकेश सिंह, अंकुर अग्रवाल उपस्थित रहे।

## सड़क पर गड्ढे, मुश्किल में सफर


नगरिया कलां-शेरगढ़ सम्पर्क मार्ग पर सड़क तो बनी है लेकिन इस पर चलकर लोग संतुष्ट नहीं है। इस सड़क के गड्ढे बरसात से पहले भरे गये थे लेकिन बरसात के दौरान ही सभी पैचवर्क उखड़ गये और सड़क फिर से पुरानी स्थिति में आ गई है। नगरिया कलां-कमालपुर गांव के बीच किच्छा नदी घाट पर पुल निर्माण के बार ग्रामीणों के आवागमन के लिए पुल से नगरिया कलां गांव तक सड़क निर्माण कराया गया था, जिसे शेरगढ़ मार्ग से जोड़ा गया था। यह मार्ग अब अस्त व्यस्त हो गया है। ● अमृत विचार

# ससुर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने ससुर पर छेड़छाड़ और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार, 30 सितंबर को उसकी मां नवाबगंज गई थीं और पिता मजदूरी के लिए बाहर थे। घर पर वह अकेली थी। इसी दौरान उसके ससुर घर आए और विदा कराने की बात कही। महिला का आरोप है कि जब उसने कहा कि माता-पिता के आने पर ही विदा होगी, तो ससुर चारपाई पर बैठ गए। कुछ देर बाद वह कमरे में घुस आए और बुरी नीयत से उसे दबोच लिया।

विरोध करने और शोर मचाने पर ससुर धमकी देकर भाग गए और बोले कि मेरे घर रहना है तो मेरी बनकर रहना पड़ेगा। पीड़िता का कहना है कि ससुर शादी के बाद से ही उस पर गंदी नज़र रखते आए हैं। इस संबंध में उसने पति से शिकायत की थी, लेकिन उल्टा उसे ही डांट दिया गया।

## न्यूज डायरी

### महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**आंवला, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर आंवला थाने की महिला टीम ने रविवार को सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के गांव राजपुर खुर्द के सरकारी स्कूल में गांव की महिलाओं और युवतियों को सरकारी योजनाओं और सुरक्षा हेतु उपाय एवं हैल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। इस दौरान ग्राम प्रधान राजीव कुमार सिंह, फूल कुमारी, मीना देवी, अनीता रानी, साधना, शांति देवी, महिला पुलिसकर्मियों में किरन, दयावती, सुमन यादव, शीतल, गुलशन आदि मौजूद रहे।





### हाफिजगंज में लगे शिविर में 31 लोगों ने रक्तदान किया

**नवाबगंज / हाफिजगंज, अमृत विचार :** एच.एन. द्विवेदी इंटर कॉलेज हाफिजगंज में रविवार को ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किया गया। रक्त संग्रह के लिए जिला अस्पताल की टीम डॉ. आयुष के नेतृत्व में कॉलेज पहुंची। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक अभिषेक द्विवेदी,आदेश कुमार, ज्ञानेन्द्र सिंह, मोहम्मद शाकिर, संदीप सिंह, जहीरूद्दीन, दीपराज सिंह, सतीश कुमार, कलीम आज़ाद, संजीव जिंदल, नरेश कुमार सहित कुल 31 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।



### मेडिकल कैंप में 300 मरीजों का किया चेकअप, निशुल्क दवा बांटी

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** भोले शाह मियां की मजार के पास रविवार को फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। दोपहर तक चले इस कैंप में मरीजों की जांच कर उन्हें फ्री में दवाइयां दी गईं। कैंप में तमाम लोगों का चेकअप कर उन्हें जरुरत की दवाएं दी गई। दावा किया गया है कि 300 लोगों का चेकअप किया गया। यह कैंप नूरी वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से लगाया गया। इस दौरान डॉक्टर जहीरुल हसन सहित हाजी जहीर अहमद, इमाम राशिद रजा मरकज़ी,हाफिज जाकिर हुसैन, हाफिज अब्दुल खालिक, हबीब भाई, मौलाना उमर आदि मौजूद रहे।

### संजय अग्रवाल मेमोरियल ऑल इंडिया चेस टूर्नामेंट शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** संजय अग्रवाल मेमोरियल ऑल इंडिया बेलो 1700 क्लासिकल चेस टूर्नामेंट की रविवार को मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने भगवान हनुमान की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर शुरुआत की। सांसद ने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जो युवाओं में एकाग्रता, रणनीति और निर्णय क्षमता का विकास करता है। इस प्रकार के आयोजन देश की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता क्रीड़ा भारती और कुंवर सुरेन्द्र सिंह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट में देशभर के 350 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विजेताओं को 10 लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा भारती ब्रज प्रांत उपाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, टूर्नामेंट डायरेक्टर डॉ. राजवीर सिंह, प्रेसिडेंट डॉ. शिवराम शर्मा, महानगर मंत्री सौमित्र शर्मा, सचिव अनूप कुमार, जितेंद्र राजपूत, क्रांति कुमार गुप्ता, विवेक सक्सेना, परी सक्सेना, शशी प्रजापति आदि उपस्थित रहे।



# साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**आंवला, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत साइबर सुरक्षा विषय पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ. महाराणा प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम संयोजक असिस्टेंट प्रो. देवीशरण ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षित पासवर्ड, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण और साइबर अपराध की स्थिति में पुलिस से शिकायत करने समेत अहम जानकारियां दीं। शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

● **डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय कॉलेज में हुआ कार्यक्रम**

# भगवान महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचारः** नगर में भगवान महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली गई। अरविंद वाल्मीकि ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। रविवार को निकाली शोभायात्रा में राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, अघोरी आदि की झांकियां शामिल की गईं। डीजे और बैंड बाजों की गूंज के साथ यह प्रमुख मार्गों से होकर निकली।

शोभायात्रा का चेयरमैन मोहम्मद ताज उर्फ लाल मियां कुरैशी, रमेश यादव, डॉ. संजीव शर्मा, पूर्व चेयरमैन सूरजपाल मौर्य आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर राजीव वाल्मीकि, धीरज बाबू वाल्मीकि, मुरारी लाल वाल्मीकि, डॉ. चंद्रसेन गुप्ता, सभासद लालन गोस्वामी, कुलदीप वाल्मीकि, प्रदीप मित्तल, संतोष राही, सुदेश वाल्मीकि, रामकिशोर भारती, राजेश वाल्मीकि, विक्रम सिंह, विशाल मौर्य, महेश वाल्मीकि, गुड्डू भारती, मुनेंद्र गौतम, सुभाष फौजी आदि मौजूद रहे।

### सदर बाजार में धूमधाम से निकाली गई महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा

**कैंट, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव समिति के तत्वाधान में रविवार को कैंट में महर्षि वाल्मीकि की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा को कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन तथा कैंट बोर्ड के नामित सदस्य डॉ वैभव जायसवाल ने सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा सदर बाजार स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से शुरू होकर आजाद मोहल्ला, धोपेश्वर नाथ मंदिर, गोला बाजार, बड़ा बाजार, मदारी की पुलिया, शंकर होटल चौराहा होते हुए बाल्मीकि मंदिर पर ही सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा के साथ जोरावर अखाड़े के सदस्य हैरतअंगेज करतब दिखाते चल रहे थे। कृष्ण सुदामा मैत्री तथा अन्य धर्मस्थ देवी देवताओं की मनमोहक आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान प्रवेश पराशर ओम प्रकाश अकेला, हरि सिंह, राकेश फौजी, अमरपाल, मनवीर शरन, रामशरन, श्याम सिंह, मंगू सिंह, अर्जुन सिंह, ललित, ऋषि पाल सिंह, अतुल व राजेंद्र समेत अन्य कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



अमृत विचार

बरेली, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025




# कार्यालय–क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बदायूँ।

संख्याः–833 दिनांकः–04.10.25

विज्ञप्ति

विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन, के पत्र संख्या–आ0मि0–110/96–आयुष–2–2020/127/2016 आयुष अनुभाग–2, लखनऊ दिनांक 19 अक्टूबर 2020 के अनुपालन में जनपद बदायूँ में संचालित योग वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक के पद पर आबद्धीकरण हेतु तथा शासनादेश संख्या–डब्ल्यू–81/96–आयुष–2–2020–127/2016 दिनांक 04 दिसम्बर 2020 के अनुपालन में जनपद बदायूँ में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ वेलनेस सेन्टर) हेतु अंशकालिक योग प्रशिक्षक (पुरूष) एवं योग प्रशिक्षक (महिला) को नीचे अंकित तालिका के कालम 04 में अंकित स्थानों पर हेल्थ वेलनेस सेन्टरों एवं योग वेलनेस सेन्टर पर प्रतिमाह देय नियत मानदेय/पारिश्रमिक कालम संख्या–06 के अनुसार जो अभ्यर्थी कालम संख्या–05 में अंकित अर्हता रखते हों से नियुक्ति/आबद्धीकरण के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक अथवा सीलबन्द लिफाफा स्वयं के माध्यम से दिनांक 16–10–2025 से दिनाँक 28–10–2025 को सायं 05:00 बजे तक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में स्वीकार किये जायेंगे। योग प्रशिक्षक योग वेलनेस सेन्टर में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार योग कार्य करेंगे तथा अंशकालिक योग प्रशिक्षक को प्रतिमाह आयुष आरोग्य मन्दिर (हेल्थ वेलनेस सेन्टर),स्कूलों व सामुदायिक स्थलों पर न्यूनतम प्रति सत्र योग प्रशिक्षक पुरूष 01 घण्टे प्रतिदिन (कुल 32 सत्र प्रतिमाह) तथा योग प्रशिक्षक महिला को प्रति सत्र न्यूनतम 01 घण्टे प्रतिदिन (कुल 20 घण्टे प्रतिमाह) योग कक्षायें आयोजित करनी होंगी।

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | आयुष स्वास्थ्य केन्द्र का नाम | अर्हता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | योग प्रशिक्षक (पुरूष) | 01 | रा0आयु0चिकि0 दातागंज बदायूँ | 1–मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/ संस्थानों से साढे पांच वर्षीय कोर्स, बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइंस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी। अथवा 2–कः–बी0ए0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/ बी0एस0सी0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/ एम0एस0सी0 (योग) खः–अनुभव 01 वर्ष अथवा 3–कः–पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठयक्रम) डिप्लोमा धारक ख–अनुभव 02 वर्ष नोटः–फर्म का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/ पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण करने के उपरान्त का ही मान्य होगा। | 1–योग प्रशिक्षक पुरूष रू0–8000–00 प्रतिमाह। 2–योग प्रशिक्षक महिला रू0–5000–00 प्रति माह। |
| 2 | योग प्रशिक्षक (महिला) | 01 | | | |
| 3 | योग प्रशिक्षक (पुरूष) | 01 | रा0आयु0चिकि0 कुवँरगाँव बदायूँ | | |
| 4 | योग प्रशिक्षक (पुरूष) | 01 | रा0आयु0चिकि0 खेडा जलालपुर बदायूँ | | |
| 5 | योग प्रशिक्षक (महिला) | 01 | रा0आयु0चिकि0 बोन्दरी बदायूँ | | |
| 6 | योग प्रशिक्षक (महिला) | 01 | रा0आयु0चिकि0 नगर बदायूँ | | |
| 7 | योग प्रशिक्षक (महिला) | 01 | रा0यू0चिकि0 हजरतपुर बदायूँ | | |
| 8 | योग प्रशिक्षक (महिला) | 01 | रा0होम्योपैथिक चिकित्सालय नगर बदायूँ | | |
| 1 | योग प्रशिक्षक | 01 | योग वेलनेस सेन्टर, कुवँरगाँव बदायूँ। | (1) योग प्रशिक्षक :– (ए) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/ संस्थानों से साढे पांच वर्षीय कोर्स, बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइंस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी। अथवा बी):1 बी0ए0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/ बी0एस0सी0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/एम0एस0सी0 (योग)/एम0ए0 (योग) डिग्री धारक। 2. अनुभव– एक वर्ष अथवा (सी)1.:–पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठयक्रम) डिप्लोमा धारक। 2. अनुभव– दो वर्ष। नोट :– कार्य का अनुभव प्रमाण पत्रत्र निर्धारित डिग्री/ पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण करने के उपरान्त का ही मान्य होगा। | मासिक पारिश्रमिक रू0–27000.00 प्रतिमाह |

नोटः–आवेदन पत्र प्रारूप जनपद बदायूँ की NIC की वेबसाइट www.budaun.nic.in के पास पर उपलब्ध रहेगा से डाउनलोड किया जा सकेगा तथा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। डाक भेजने का पता–कार्यालय– जिला कार्यक्रम प्रबन्धक/क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला पुरूष अस्पताल बदायूँ 243601

सामान्य निर्देशः–

1. आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता/आयु/जाति व अनुभव आदि प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न तथा आवेदन वाले लिफाफे पर आवेदित पद का नाम अवश्य लिखा हो। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक अथवा स्वयं सीलबन्द लिफाफा के माध्यम से कार्यालय में उपलब्ध कराये जा सकते हैं।
2. आवेदन पत्र के साथ नाम व पता लिखा हुआ 23x10 सेमी0 के दो लिफाफे जिस पर रू0–45–00 के डाक टिकट लगे हों तथा लिफाफे पर रजिस्टर्ड डाक लिखा हो संलग्न होना चाहिये।
3. आवेदन पत्र पर नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो स्वः हस्ताक्षर सहित निर्धारित स्थान पर लगा होना चाहिये।
4. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।
5. अभ्यर्थी के अर्ह/अनर्ह होने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय चयन समिति का होगा। अपूर्ण व त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा। चयन के उपरान्त अभ्यर्थी की तैनाती जनपद के किसी भी हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर की जा सकती है।
6. यह तैनाती पूर्णरूप से आबद्धीकरण/संविदा/अंशकालिक एवं 01 वर्ष के लिये अथवा योजना संचालित रहने तक जो भी पहले हो। चूँकि यह योजना भारत सरकार द्वारा संचालित है। अतः अवधि का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। यह नियुक्तियां न तो किसी सृजित पद के विरूद्ध होनी हैं और न ही यह नियमित तैनाती है।
7. जिन अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र पूर्णरूप से सही पाये जायेंगे उन्ही को साक्षात्कार के लिये बुलाया जायेगा जिसकी सूचना अभ्यर्थियों के पत्र व्यवहार के पते पर दी जायेगी। साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
8. आवेदित अभ्यर्थियों की आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष से अधिक किसी भी उम्र का हो सकता है स्वस्थ एवं 65 वर्ष तक के अभ्यार्थियों को वरीयता दी जायेगी।
9. योग प्रशिक्षक अंशकालिक (आयुष्मान आरोग्य मन्दिर) पद हेतु स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।
10. आवेदनकर्ता इस तैनाती के बाद भविष्य में नियमित होने के लिये अर्ह नहीं होगा।
11. उ0प्र0 में अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग को शासन द्वारा निर्गत समय–समय पर शासनादेशों के अनुसार योग प्रशिक्षक के नियुक्ति/आबद्धीकरण में आरक्षण का अनुपालन किया जायेगा।

UP – 238791 दिनांकः 10/10/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(डा0 योगेन्द्र सिंह)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
बदायूँ।


## रेल फाटकों पर संरक्षा जागरूकता अभियान चलाया

**बरेली, अमृत विचार :** मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. हरीश रैडतोलिया के निर्देशन में इज्जतनगर मंडल के रामपुर-चम्हरौआ स्टेशनों के मध्य रेलवे फाटकों पर संरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

सम्पार संख्या 5 बी2, 6 सी, 8 सी, 13 बी व 16बी 2 पर संरक्षा सलाहकारों ने ग्रामीणों को रेल फाटकों पर ट्रेन गुजरते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। कहा कि ट्रैक व पोल से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, पशुओं को ट्रैक के पास न चराएं और रेल लाइन के आसपास पतंगबाजी जैसी गतिविधियों से बचें।

# अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी जवान मारे

## पाकिस्तान ने 200 से अधिक तालिबान लड़ाके मारने का किया दावा

**इस्लामाबाद/पेशावर, एजेंसी**

सीमा पर रात भर हुई भीषण मुठभेड़ में अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी सैनिक को मार गिराया। वहीं, पाकिस्तान ने तालिबान तथा उससे संबद्ध 200 से अधिक आतंकवादी को मार गिराने का दावा किया।

सीमा पार से आक्रमण के एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अफगान बलों द्वारा किए गए अकारण हमलों के जवाब में 19 अफगान सैन्य चौकियों और आतंकवादी ठिकानों पर कब्जा कर लिया है। पाकिस्तानी ने एक बयान में कहा कि यह गंभीर उकसावा तालिबान के विदेश मंत्री के भारत दौरे के दौरान हुआ।

### बाहरी आक्रमण सहन नहीं करेंगे : मुत्ताकी



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष का अफगानिस्तान शांतिपूर्ण समाधान चाहता है, लेकिन यदि प्रयास सफल नहीं होते हैं तो उसके पास अन्य विकल्प भी हैं। उन्होंने कहा कि उनका देश किसी भी बाहरी आक्रमण का सामना करने के लिए पूरी तरह एकजुट है। गुरुवार को काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से संघर्ष शुरू हो गया है। भारत की छह दिवसीय यात्रा पर आये मुत्ताकी ने कहा कि कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है और उनका देश अपनी संप्रभुता का किसी भी तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेगा।

## दिल्ली में मंदिर से 40 लाख रुपये मूल्य का सोने का कलश चोरी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक जैन मंदिर के शिखर से लगभग 40 लाख रुपये मूल्य का सोने की परत चढ़ा कलश कथित तौर पर चोरी हो गया है।

पुलिस ने बताया कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना रिकॉर्ड हो गई और चोरी के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। एक वीडियो क्लिप में एक व्यक्ति को कथित तौर पर सोने की परत वाले कलश को चोरी करने के बाद मंदिर परिसर के एक खंभे से नीचे उतरते हुए देखा जा सकता है, जबकि एक अन्य वीडियो में उसे अंधेरे में कलश ले जाते हुए दिखाया गया है। पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई है। संदिग्धों पर भी नजर रखी जा रही है।

## श्री रामलीला सभा सुभाषनगर का हुआ समापन समारोह



रामलीला सभा के सम्मानित पदाधिकारी। ●अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** श्री रामलीला सभा सुभाषनगर का 84वां वार्षिकोत्सव समापन समारोह शनिवार देर रात तक बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें सभी कलाकारों ने अपने विचार व्यक्त किए।

निर्देशक अखिलेश सिंह केसर ने कहा कि सुभाषनगर रामलीला की विशेषता है कि यहां मंडली नहीं आती है। स्थानीय कलाकार ही रामलीला में मंचन करते हैं, इस कारण रामलीला का अपना सम्मान है। मंत्री आलोक तायल ने रामलीला प्रदर्शन में सेवा करने वाले लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रामलीला में सुभाष नगर क्षेत्र के सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं और सहयोग करते हैं।

उन्होंने सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप अग्रवाल ने की। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद सौरभ कुमार, सुभाष वर्मा, बृजेश पाल, सभा के संरक्षक भारतेंद्र सिंह, राजेंद्र, राजकुमार तिवारी, अजय शर्मा, अमित भारद्वाज, जुगल किशोर सिंह, नितिन जौहरी दीपक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## आईपीएस आत्महत्या मामला : कई धाराएं प्राथमिकी में जोड़ी गईं

**चंडीगढ़, अमृत विचार :** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले में एससी/एसटी अधिनियम के संबंधित प्रावधान जोड़ने की उनकी पत्नी की अपील के बाद, पुलिस ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में और आरोपों को शामिल किया है।

पूरण कुमार की पत्नी एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार ने पुलिस को लिखे पत्र कर कमजोर धाराओं को संशोधित किए जाने की बात कही थी। एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (2) (पांच) इस मामले में लागू होने वाली उपयुक्त धारा है। वहीं, पूरण कुमार के परिवार ने अपनी मांगें पूरी होने तक पोस्टमार्टम के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया है।

## हर घर नल योजना में समयसीमा और गुणवत्ता से समझौता नहीं

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



●योगी का सख्त निर्देश, 15 दिसंबर तक विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में पहुंचे नल से जल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'जल जीवन मिशन हर घर नल योजना' की समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में 15 दिसंबर 2025 तक हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाए। उन्होंने योजना को राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए फेजवार डेडलाइन तय की। कहा कि थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य है। समयसीमा व गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जहां भी देरी या लापरवाही मिलेगी, वहां जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और प्रमुख अभियंताओं को आदेश दिया कि हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट अपडेट करें, स्थलीय सत्यापन और फोटोग्राफिक सबूत अनिवार्य हों, ताकि हर स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे।

उन्होंने चेताया कि कागजी प्रगति नहीं चलेगी, फील्ड में नल से जल आना चाहिए। मुख्यमंत्री को बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और परियोजना लागत में वृद्धि करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 3460/ई0–टेण्डर/4ए दिनांकः 08.10.2025

ऑन–लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई–निविदा दिनांक 15.10.2025 से दिनांक 25.10.2025 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 25.10.2025 को ही अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः–

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | निविदा की जमानत धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (टेण्डर फीस + स्टेशनरी चार्ज+जी0एस0टी0) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों का आवश्यक पंजीकरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त मदनापुर कलान गढ़िया छवि बदायूं बार्डर मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग सं0–104सी) की मरम्मत का कार्य। | 33.30 | 3.33 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 2 | कलान परौर मार्ग से जूही सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 31.30 | 3.13 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 3 | ग्राम मथाना में तालाब के किनारे रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य। | 30.30 | 3.03 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 4 | डरी से बरूआ सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 18.60 | 1.86 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 5 | कटरा सिउरा जैतीपुर से वैवहा मार्ग पर भमौरी आबादी में सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | 20.40 | 2.04 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 6 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत मुलायम नगला सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य। | 18.00 | 1.80 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 7 | जिगनिया सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 4.70 | 0.47 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 8 | कुनिया ता0 सुरजूपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली का कार्य। | 9.60 | 0.96 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 9 | जुआखेड़ा से गनेशपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | 17.20 | 1.72 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 10 | कलान परौर मार्ग से पृथ्वीपुर कटका सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | 33.60 | 3.36 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 11 | खजुरी से गिउड़ी मार्ग होते हुए प्रीतमनगला सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य | 19.00 | 1.90 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 12 | एम0एफ0 मार्ग से इकोना शिवपुरी सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य | 33.30 | 3.33 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 13 | गुन्दौरा दाउदपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | 12.40 | 1.24 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 14 | पटना से देवकली सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | 33.40 | 3.34 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 15 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त मिर्जापुर गुलड़िया सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 11.40 | 1.14 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 16 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त महोलिया मोहकमपुर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 16.50 | 1.65 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 17 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त पैलानी उत्तरी मार्ग के किमी0–2 से पंखीनगला सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 32.50 | 3.25 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 18 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त तारापुर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 8.50 | 0.85 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 19 | जलालाबाद ढाईघाट से भरतपुर सम्पर्क मार्ग में सी0सी0 व नाली निर्माण का कार्य। | 28.00 | 2.80 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 20 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त जलालाबाद ढाईघाट मार्ग से पैलानी उत्तर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 12.60 | 1.26 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 21 | नवादा ता0 वानगांव सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | 10.50 | 1.05 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 22 | एल0बी0 मार्ग से वजीरपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | 13.00 | 1.30 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 23 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत रावतपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण एवं शेष भाग की मरम्मत कार्य | 14.00 | 1.40 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 24 | लिपुलेक भिण्ड मार्ग के किमी–492 से अहमदगंज सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 8.90 | 0.89 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 25 | पिटारमऊ से सुल्तानपुर मार्ग के पिटारमऊ आबादी भाग मे सी0सी0, नाली एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य। | 23.00 | 2.30 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 26 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त मिर्जापुर परौर से कुण्डरी सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 2.60 | 0.26 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 27 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त जरियनपुर से पहारूआ सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 31.00 | 3.10 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 28 | कुनिया से बहारिया कुनिया सम्पर्क मार्ग सी0सी0 नाली एवं रिटेनिंग वाल का कार्य। | 28.00 | 2.80 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 29 | मिर्जापुर परौर से ककोडा सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 8.40 | 0.84 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 30 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग से नवादा ता0 वानगॉव सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 26.60 | 2.66 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 31 | हथिनापुर सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 20.50 | 2.05 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 32 | सिकन्दरपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | 14.30 | 1.43 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 33 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत चमरपुरा सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य। | 22.70 | 2.27 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 34 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त गुलामखेड़ा से सहसपुर सिमरिया मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य | 30.00 | 3.00 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 35 | कांट मार्ग से बहलोलपुर सम्पर्क के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | 8.50 | 0.85 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 36 | भरतपुर फैजुल्लागंज से हरिउरा सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य | 10.00 | 1.00 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 37 | हुसैनापुर सम्पर्क के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | 14.40 | 1.44 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |
| 38 | कांट मदनापुर से सरैया प्रेमराज सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP-238795 दिनांक 10.10.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर


## दो भेड़ियों ने पांच लोगों को किया घायल

**बहराइच,एजेंसी**

जिले की कैसरगंज तहसील में दो भेड़ियों ने दहशत फैलाते हुए शनिवार को लगभग 12 घंटे के अंदर चार बच्चों सहित पांच लोगों को घायल कर दिया। एक वन अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक युवक पर हमला करने की फिराक में जुटे एक भेड़िये को वन विभाग के शूटरों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया और संभावना है कि उसकी (भेड़िये की) मौत हो गई होगी।

घायल भेड़िये को लंगड़ाते हुए नदी के कछार की जंगली घास में ओझल होते देखा गया है। हमले की सभी घटनाएं कैसरगंज तहसील के मझारा तौकली गांव के आसपास घटित हुई हैं। प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) राम सिंह यादव ने रविवार को बताया कि शनिवार 11 अक्टूबर को तड़के करीब तीन बजे बलिराजपुरवा में दुर्गावती (40) को भेड़िये ने घायल कर दिया। महिला की चीख सुनकर ग्रामीणों ने शोर मचाया तो हमलावर भेड़िया वहां से भाग गया। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर 12 बजे मझारा तौकली की मीना (आठ), अपराह्न 12.40 बजे बहराइचनपुरवा की मोनिका (पांच), अपराह्न एक बजकर 35 मिनट पर केलहापुरवा की शिवांकी (छह) औरअपराह्न साढ़े तीन बजे खैरीलोनियनपुरवा के चन्द्रसेन (पांच) को भेड़िये ने हमलाकर घायल कर दिया। ये सभी घटनाएं घरों से बाहर घटित हुई हैं। डीएफओ ने कहा कि पूरे क्षेत्र में ग्रामीणों के बचाव एवं सुरक्षा के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से गश्त की जा रही थी। सूचना मिलते ही घटनास्थलों पर अलग-अलग टीम पहुंच गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित कराया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बालपुर विकास खंड इस्लामनगर बदायूँ**

दिनांक : 11.10.2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की गौशाला ग्राम पंचायत बालपुर विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 14.10.2025 को दोपहर 02 बजे पंचायत घर पर की जाएगी।

सचिव प्रधान



# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 10292/142सी0(ई0टेण्डर)–3/25 दिनांकः 06.10.2025

ऑन–लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन–लाइन ई–निविदा (स्वीकृति की प्रत्याशा में) दिनांक 15.10.2025 से दिनांक 25.10.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 25.10.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कटरा जलालाबाद मार्ग से जौराभूड़ मार्ग पर आबादी में सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर | 49.00 | 4.45 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 2 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत परौर से कुण्डरिया सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण, रिटेनिंग वॉल एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य। | | 106.60 | 7.33 | 2725.00 | 05 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 3 | आलमपुर कंकलिया धर्मपुर सम्पर्क मार्ग पर कंकलिया आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | | 41.00 | 4.05 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 4 | एस0एच0–126 खेड़ा बझेड़ा से पृथ्वीपुर रम्पुरा मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली एवं शेष भाग की हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा मरम्मत का कार्य। | | 47.80 | 4.39 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 5 | जल्लापुर खमरिया मार्ग से धुवला करीमनगर सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | | 79.00 | 5.95 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 6 | अमरेड़ी से बस्तीनगला के मध्य डबरी नाले पर बने पुल की पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली का कार्य, शेष भाग की मरम्मत का कार्य | | 63.00 | 5.15 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 7 | मरथरा से तिरि सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग भुन्नीखेड़ा मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य। | | 49.00 | 4.45 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 8 | जलालाबाद अल्लागंज मार्ग से समापुर बेलाखेड़ा सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग बेलाखेड़ा में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य | | 56.20 | 4.81 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 9 | बाढ़ से क्षतिग्रस्त जलालाबाद शमसाबाद मोहम्मदाबाद सौरिख विधुना मार्ग (राज्य मार्ग सं0–163) की हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा मरम्मत का कार्य। | | 118.00 | 7.90 | 2725.00 | 05 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP – 238794 दिनांकः 10/10/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(रथिन सिन्हा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली


## सिंगापुर पुलिस ने जुबीन की मौत मामले में जानकारी मांगी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि सिंगापुर पुलिस ने गायक जुबीन गर्ग की मौत के सिलसिले में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मांगी है। शर्मा ने यहां एक समारोह से इतर पत्रकारों से कहा कि असम सरकार ने पहले ही आवश्यक जानकारी एकत्र कर सिंगापुर के अधिकारियों को भेज दी है। उन्होंने कहा, हमने परिवार से जानकारी एकत्र कर सिंगापुर के अधिकारियों को भेज दी है। वे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हालांकि स्पष्ट नहीं किया कि सिंगापुर ने गर्ग के परिवार से क्या जानकारी मांगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### उधमपुर में भूस्खलन से कई व्यावसायिक इमारतें क्षतिग्रस्त

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर में रविवार को भूस्खलन के कारण कई व्यवसायिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित समरोली इलाके के नरसू बाजार में पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे भूस्खलन के कारण हाल में खुले एक होटल की इमारत और कुछ दुकानों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है क्योंकि भूस्खलन से इमारतों के पूरी तरह ध्वस्त होने से पहले ही बाजार क्षेत्र की सभी इमारतों को खाली करा लिया गया था।

### पत्नी के अश्लील वीडियो-फोटो वायरल करने पर पति गिरफ्तार

**कोच्चि।** पेरुम्बवूर में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी अलग रह रही पत्नी की अश्लील तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान कलामस्सेरी निवासी शारूक ए. बी. के रूप में हुई है और वैवाहिक जीवन में खटास आने के कारण वह अपनी पत्नी से अलग रह रहा था। महिला को उसकी निजी तस्वीरों और वीडियो के सोशल मीडिया मंचों पर साझा किए जाने का पता लगा और इसके बाद उसकी शिकायत के आधार पर इसी वर्ष फरवरी में मामला दर्ज किया गया था। घटना के समय महिला पेरुम्बवूर में किराए के एक कमरे में रह रही थी।

### केरल के हवाई अड्डों पर सोने की अलग-अलग खेप जब्त

**कोच्चि।** डीआरआई ने रविवार को कोच्चि हवाई अड्डे पर विमान के शौचालय से 630 ग्राम सोना बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक गोपनीय सूचना के आधार पर डीआरआई ने सुबह करीब साढ़े चार बजे रास अल-खैमाह से कोच्चि पहुंची इंडिगो के विमान की तलाशी ली। विमान के शौचालय में 630 ग्राम सोने की एक खेप पाई गई। सूत्रों ने बताया कि जिस व्यक्ति ने विमान के शौचालय में सोना रखा था, उसकी पहचान के प्रयास जारी हैं। इस बीच, सीमा शुल्क अधिकारियों ने तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी का प्रयास करने के आरोप में तमिलनाडु के एक यात्री को गिरफ्तार किया। यात्री सेंथिलकुमार राजेंद्रन ने अपनी जींस की जेब में 360 ग्राम सोना छिपाकर तस्करी करने का प्रयास किया।

### सबरीमला मंदिर में सोना गायब होने में बोर्ड पर सवालों के घेरे में

**कोच्चि।** सबरीमला मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) से गायब हुए सोने को लेकर टीडीबी की सतर्कता रिपोर्ट ने 2019 के बोर्ड को सवालों के घेरे में ला दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों की सोना चढ़ी तांबे की चादरों को तत्कालीन बोर्ड के सदस्यों की जानकारी के बिना अतिरिक्त सोना चढ़ाए जाने के लिए चेन्नई ले जाना असंभव था। रिपोर्ट के आधार पर केरल उच्च न्यायालय ने विस्तृत जांच के लिए एक एसआईटी के गठन का निर्देश दिया था।

# संविधान ने ही सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एकजुट रहे : सीजेआई

## कहा- कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों के पृथक्करण से मिलता है न्याय

**रत्नागिरि, एजेंसी**



भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने रविवार को कहा कि संविधान ने यह सुनिश्चित किया है कि देश मजबूत और एकजुट रहे, जबकि पड़ोसी देश अशांति और उथल-पुथल का सामना कर रहे हैं।

महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के मंडणगड तालुका में एक न्यायालय भवन का उद्घाटन करने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह भवन ऐसे क्षेत्र में बना है, जिसमें संविधान के मुख्य निर्माता और महान समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर का पैतृक गांव अंबावडे भी शामिल है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि युद्ध और शांति, दोनों ही स्थितियों में देश एकजुट रहा है और विकास के पथ पर अग्रसर रहा है। हमने आंतरिक आपातकाल भी देखा है, लेकिन हम मजबूत और एकजुट रहे हैं।

यह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान के कारण है, जो हमें उन पड़ोसी देशों से अलग करता है, जहां अशांति का माहौल है। श्रीलंका, बांग्लादेश और हाल में नेपाल में अशांति के कारण सरकारों में बदलाव हुआ है, साथ ही दंगों और आगजनी के कारण नागरिकों को बड़े पैमाने पर परेशानी का सामना करना पड़ा है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद की जाती है। फिर भी न्यायपालिका को सभी तक न्याय सुनिश्चित करने के लिए धन के संदर्भ में कार्यपालिका से सहयोग प्राप्त करना होता है।

### न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि पिछले 22 वर्षों में एक न्यायाधीश के रूप में, मैंने न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई है और यह सुनिश्चित किया है कि कई न्यायिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरी हों। मुझे सबसे अधिक संतोष कोल्हापुर सर्किट बेंच (मुंबई उच्च न्यायालय की) और यह मंडणगड न्यायालय भवन को देखकर हुआ है, जो दो वर्षों में बनकर तैयार हुआ है। इसे एक सपने के साकार होने जैसा बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने मंडणगड न्यायालय भवन परियोजना में तेजी लाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को धन्यवाद दिया।

### जटिल साइबर अपराधों से निपटने के लिए जांच पद्धतियां अनुकूल नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला ने रविवार को कहा कि बालिकाओं के ऑनलाइन



दुनिया में पीड़ित होने का अधिक खतरा है और वर्तमान जांच पद्धतियां साइबर क्षेत्र में होने वाले जटिल अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अनुकूल नहीं हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला 'यूनिसेफ इंडिया' के सहयोग से उच्चतम न्यायालय की किशोर न्याय समिति द्वारा आयोजित 'बालिकाओं की सुरक्षा : भारत में उनके लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण की ओर' विषय पर राष्ट्रीय वार्षिक परामर्श कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे सामूहिक प्रयास एक राष्ट्र के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त करने के काफी बाद शुरू हुए। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि बच्चे मतदाता वर्ग का हिस्सा नहीं हैं और इसलिए नीति निर्माताओं द्वारा अक्सर उनकी अनदेखी की जाती है।

### डीपफेक और एआई-आधारित बाल शोषण को लेकर कानून बनना चाहिए

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने रविवार को कहा कि समय की मांग है कि सक्षम



प्राधिकारी डीपफेक और एआई आधारित बाल शोषण को लेकर कानून बनाने पर विचार करें। न्यायमूर्ति नागरत्ना उच्चतम न्यायालय की किशोर न्याय समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। विकसित होती तकनीकों से उत्पन्न विभिन्न खतरों का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, समय की मांग है कि सक्षम प्राधिकारी डीपफेक और एआई-आधारित बाल शोषण पर कानून बनाएं, 24 घंटे बाल यौन शोषण सामग्री की निगरानी, मंचों के लिए आयु-निर्धारण और प्रतिक्रिया समय-सीमा की राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी अनिवार्य करें। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, पर्याप्त सतर्कता के साथ, हम हिंसा और बाल तस्करी की घटनाओं को शुरुआत से ही रोकने में सक्षम हो सकते हैं।

# बड़ी गलती थी ऑपरेशन ब्लू स्टार, इंदिरा गांधी ने अपनी जान देकर चुकाई कीमत

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता चिदंबरम ने कुरेदा पुराना जख्म, कहा- संयुक्त निर्णय था ये ऑपरेशन

**शिमला, एजेंसी**



कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि 1984 में स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार सही तरीका नहीं था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

पूर्व गृह मंत्री ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कहा, सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था और मैं मानता हूं कि श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, खुफिया विभाग, पुलिस और सिविल सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त निर्णय था और आप पूरी तरह से श्रीमती गांधी को दोषी नहीं ठहरा सकते।

चिदंबरम ने खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार और लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ उनकी पुस्तक दे विल शूट यू मैडमः माई लाइफ थ्रू कॉन्फ्लिक्ट' पर बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। ऑपरेशन ब्लू स्टार दमदमी टकसाल के नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले और आतंकवादियों को सिखों के सबसे पवित्र स्थल स्वर्ण मंदिर से खदेड़ने के लिए 1 से 10 जून, 1984 के बीच चलाया गया सैन्य अभियान था। उसी वर्ष तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी।

### चिदंबरम के बयान से नेतृत्व नाराज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेतृत्व 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के बारे में पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम के बयान से बेहद नाराज है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि नेतृत्व का मानना है कि कांग्रेस से सब कुछ पाने वाले वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले बयान देने में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। यह आदत नहीं बननी चाहिए क्योंकि उनके बार-बार के बयान पार्टी के लिए समस्याएं पैदा करते हैं, जो सही नहीं है। सूत्रों ने कहा, पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस बात से परेशान हैं कि ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है। चिदंबरम ने हाल ही में कुछ ऐसे बयान दिए हैं जिनसे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है।

### भाजपा ने लपका मुद्दा, कहा- बयान से कांग्रेस के झूठ का हुआ पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** भाजपा ने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के बारे में पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी चिदंबरम की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इतिहास में यह सच्चाई दर्ज होनी चाहिए कि यह ऑपरेशन राष्ट्र की आवश्यकता की वजह से नहीं बल्कि इंदिरा गांधी के राजनीतिक दुस्साहस के कारण चलाया गया था।



भाजपा ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस अब सच बोलने और झूठे विमर्श को उजागर करने के लिए चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करेगी। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने पूर्व गृह मंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, चिदंबरम जी ने कांग्रेस की गलतियों को बहुत देर से स्वीकार किया है! मंत्री ने कहा, पहले उन्होंने (चिदंबरम) खुलासा किया था कि अमेरिका और विदेशी ताकतों के भारी दबाव के कारण भारत मुंबई में हुए पाकिस्तानी आतंकवादी हमलों का जवाब नहीं दे सका, अब वह स्वीकार कर रहे हैं कि स्वर्ण मंदिर में 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' भी एक गलती थी। चिदंबरम की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कांग्रेस की आलोचना की और कहा, इतिहास में यह सच दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' कोई राष्ट्रीय जरूरत नहीं थी बल्कि यह एक राजनीतिक दुस्साहस था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, एक राष्ट्रवादी होने के नाते, मेरा दृढ़ विश्वास है कि 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' पूरी तरह से टाला जा सकता था, पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने सही कहा है।



### बहिष्कार विवाद के बाद मुत्ताकी की दूसरी मीडिया ब्रीफिंग में नजर आईं महिला पत्रकार

**नई दिल्ली।** दो दिन पहले अपने मीडिया संवाद में महिला पत्रकारों की अनुपस्थिति को लेकर उठे विवाद को शांत करते हुए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने रविवार को कहा कि ऐसा इरादतन नहीं किया गया था। मुत्ताकी ने यह बात नई दिल्ली में दूसरे संवाददाता सम्मेलन के दौरान कही, जिसमें कई महिला पत्रकारों ने भाग लिया। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में महिला पत्रकारों को शामिल न करने के लिए भारत के विपक्षी दलों और पत्रकारों की ओर से कड़ी आलोचना की गई थी।

### तेलंगाना : बेरहमी से सामूहिक दुष्कर्म के बाद महिला की मौत

**हैदराबाद।** दिहाड़ी मजदूरी करने गई एक महिला के साथ बेरहमी से हमला व यौन उत्पीड़न किया गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मेडक जिले के अप्पाजीपल्ली गांव के पास पीड़िता शुक्रवार सुबह मजदूरी करने मेडक गई थी तभी अज्ञात हमलावर उसे बहाने से एडुपयाला के पास वन क्षेत्र में ले गए। वहां उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया, उसके हाथ उसकी साड़ी से बांध दिए गए और बेरहमी से पीटा। हमलावर उसे बेहोशी की हालत में छोड़ गए। बाद में उसकी मौत हो गई।

### केरलः 50 करोड़ रुपये मादक पदार्थ किए जब्त

**बेंगलुरु।** एनसीबी की बेंगलुरु इकाई ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 45.4 किलो हाइड्रो गांजा और छह किलो साइलोसाइबिन मशरूम जब्त किया है। एनसीबी के अनुसार करीब 50 करोड़ रुपये मूल्य का यह मादक पदार्थ नौ अक्टूबर को एक श्रीलंकाई नागरिक समेत तीन लोगों के पास से बरामद किया गया।

### जम्मू कश्मीरः राज्यसभा की चार सीट के लिए भाजपा के तीन उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में राज्यसभा की चार सीट के लिए 24 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के वास्ते तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा रविवार को की।

इनमें पार्टी की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष सतपाल शर्मा तथा दो अन्य उम्मीदवार गुलाम मोहम्मद मीर और राकेश महाजन शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने चार सीट पर चुनाव के लिए तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। विधानसभा में संख्या के आधार पर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की तीन सीट पर बढ़त है, भाजपा को एक सीट पर बढ़त हासिल है।

#### कांग्रेस का चुनाव लड़ने से इन्कार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी केंद्र शासित प्रदेश में चार सीट के लिए 24 अक्टूबर को होने वाले राज्यसभा चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी, क्योंकि गठबंधन सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने उन्हें 'सुरक्षित सीट' देने से इनकार कर दिया है। पार्टी नेताओं की यहां मैराथन बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कर्रा ने कहा कि सर्वसम्मति से यह सहमति बनी है कि कांग्रेस राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ेगी।

### दिवाली की खरीदारी



दिवाली का त्योहार नजदीक आने के साथ लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी जिसकी वजह से देश भर के बाजारों की रौनक बढ़ गई है। रविवार को अहमदाबाद के भद्र बाजार में दिवाली की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़ का नजारा कुछ ऐसा था।

# छात्रावासों की लड़कियां रात में बाहर न घूमें: ममता

**कोलकाता, एजेंसी**



• मुख्यमंत्री ने कहा-निजी कॉलेज लें छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना पर रविवार को दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए। कहा कि निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

दरअसल, दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार मामले में भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की कथित घटना को स्तब्धकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बारिश और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित उत्तर बंगाल में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लेने के लिए रवाना होने से पहले ममता ने कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार का ऐसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख है। ममता ने कहा कि पीड़िता जिस संस्थान की छात्रा है, वह (संस्थान) भी इस घटना के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि निजी कॉलेजों को अपने परिसरों के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

# आरटीआई कानून को कमजोर कर रही है मोदी सरकार : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• कांग्रेस अध्यक्ष ने लोकतंत्र को भी खोखला करने का आरोप लगाया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को मोदी सरकार पर सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम को 'व्यवस्थित रूप से कमजोर' करने और लोकतंत्र एवं नागरिकों के अधिकारों को खोखला करने का आरोप लगाया।

खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 20 साल पहले, तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस-नीत संप्रग सरकार ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम 2005 को लागू कर पारदर्शिता और जवाबदेही के एक नए युग की शुरुआत की थी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने व्यवस्थित रूप से आरटीआई अधिनियम को कमजोर किया है। कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि 2019 में मोदी सरकार ने आरटीआई अधिनियम पर कुठाराघात किया, सूचना आयुक्तों के कार्यकाल और वेतन पर नियंत्रण कर लिया तथा स्वतंत्र निगरानीकर्ताओं को गुलाम पदाधिकारियों में बदल दिया। उन्होंने कहा, केंद्रीय सूचना आयोग मुख्य सूचना आयुक्त के बिना काम कर रहा है, 11 वर्षों में सातवीं बार यह महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़ा है। वर्तमान में इसमें आठ रिक्तियां हैं, जो 15 महीनों से अधिक समय से खाली हैं, जिससे अपील प्रक्रिया ठप हो गई है।

खरगे ने दावा किया कि 'कोई डेटा उपलब्ध नहीं है' जैसा एक भयावह सिद्धांत अब प्रचलित है, जहां सरकार कोविड के दौरान हुई मौतों, एनएसएसओ 2017-18, एसयूएसई 2016-2020, पीएम केयर्स और अन्य मुद्दों की जानकारी पर बंदिश लगाती है, तथा जवाबदेही से बचने के लिए तथ्यों में अस्पष्टता रखती है।

### मुत्ताकी के स्वागत को लेकर महबूबा का भाजपा पर निशाना

**श्रीनगर।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ भारत के मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर तालिबान-शासित अफगानिस्तान को अपनाया जा रहा है, यह पार्टी के आंतरिक पाखंड को दर्शाता है।

उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत ने अफगानिस्तान के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने का फैसला किया है और वहां के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी भारत दौरे पर हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाते हुए कहा, ''...'लव जिहाद', 'जमीन जिहाद', 'वोट जिहाद' और 'गाय जिहाद' के नाम पर, भाजपा ने बार-बार अपनी ही मुस्लिम आबादी को निशाना बनाया है और उन्हें बदनाम करने वाले बयान फैलाए हैं। वहीं दूसरी ओर भाजपा के नेतृत्व में लोकतंत्र की जननी भारत ने जिहाद के अग्रदूत तालिबान को अपनाने का फैसला किया है।

### सभी विमानों में आरएटी की एक बार फिर जांच करेगी एयर इंडिया

**मुंबई।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया से कहा है कि उन सभी विमानों में आरएटी (रैम एयर टर्बाइन) की दोबारा जांच की जाए, जिनके पावर कंडीशनिंग मॉड्यूल को हाल में बदला गया है।

सुरक्षा नियामक ने साथ ही अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग से बिना कमांड वाले आरएटी की तैनाती के संबंध में लागू किए जाने वाले निवारक उपायों पर एक व्यापक रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि हाल में एयर इंडिया 787 विमानों से जुड़ी दो घटनाओं में आरएटी प्रणाली सक्रिय हो गई थी। आमतौर पर विमान के दोनों इंजन, इलेक्ट्रॉनिक तंत्र और हाईड्रोलिक प्रणाली खराब होने पर आरएटी सक्रिय होता है।

**सरकारी शिक्षा का हाल** | उत्तर प्रदेश के ऐसे स्कूलों में सबसे ज्यादा छात्रों का नामांकन

# एक शिक्षक वाले एक लाख स्कूलों में पढ़ रहे हैं 33 लाख छात्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश भर में 33 लाख से ज्यादा छात्र एकल-शिक्षक वाले एक लाख से अधिक स्कूलों में नामांकित हैं। आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे अधिक है, जबकि इनमें से उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक छात्रों का नामांकन है।

शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में, देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे थे जिनका संचालन एकल शिक्षक द्वारा किया जाता था, ऐसे स्कूलों में 33,76,769 छात्र नामांकित थे। यानी, औसतन प्रत्येक स्कूल में करीब 34 छात्र थे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) पर 30:1 और उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) पर 35:1 का छात्र-शिक्षक अनुपात अनिवार्य करता है।

देश में सबसे अधिक 'एकल-शिक्षक' वाले स्कूल आंध्र प्रदेश में हैं, इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, एकल शिक्षक वाले स्कूलों में छात्रों के नामांकन के मामले में उत्तर प्रदेश इस सूची में शीर्ष पर है। उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश का स्थान है। एकल शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 2022-23 के 1,18,190 से घटकर 2023-24 में 1,10,971 हो गई, जो लगभग छह प्रतिशत की गिरावट है। प्रति विद्यालय औसत छात्र नामांकन के मामले में चंडीगढ़ और दिल्ली में प्रति विद्यालय छात्रों की संख्या क्रमशः 1,222 और 808 के साथ सबसे अधिक है। वहीं दूसरी ओर, लद्दाख, मिज़ोरम, मेघालय और हिमाचल प्रदेश में प्रति स्कूल नामांकन दर काफ़ी कम है, जो क्रमशः 59, 70, 73 और 82 है।

### अफसरों का दावा... शिक्षकों की तैनाती करने का किया जा रहा प्रयास



एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार स्कूलों के विलय और स्कूलों के एकीकरण, जिसे अक्सर स्कूलों का युक्तिकरण कहा जाता है, के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम संभव उपयोग सुनिश्चित करने पर काम कर रही है। अधिकारी ने कहा कि एकल शिक्षक वाले स्कूल शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करते हैं और इसलिए शिक्षकों की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शून्य छात्र नामांकन वाले स्कूलों से एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों को फिर से तैनात करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### केंद्र शासित प्रदेशों में स्थिति काफी बेहतर

केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, लद्दाख, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव और चंडीगढ़ में एक भी एकल-शिक्षक विद्यालय नहीं है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में केवल चार एकल-शिक्षक विद्यालय हैं। एकल-शिक्षक वाले विद्यालयों में छात्र नामांकन के मामले में, उत्तर प्रदेश 6,24,327 छात्रों के साथ शीर्ष स्थान पर है। इसके बाद झारखंड 4,36,480, पश्चिम बंगाल 2,35,494, मध्यप्रदेश 2,29,095, कर्नाटक 2,23,142, आंध्र प्रदेश 1,97,113, और राजस्थान 1,72,071 का स्थान है।

# अमृत विचार

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025






सपने देखने का अधिकार, पहला मौलिक अधिकार होना चाहिए।

**–महाश्वेता देवी**, साहित्यकार

## उम्मीद की खेती

कृषि प्रधान देश की जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान खेती का है, परंतु इसकी हिस्सेदारी घटती जा रही है। ऐसे में मोदी सरकार का फोकस कृषि क्षेत्र को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री की कृषि क्षेत्र में की गई घोषणाएं दीर्घकालिक, दूरदर्शी सोच को दर्शाती हैं। 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' के साथ दलहन आत्मनिर्भरता मिशन देश के किसानों की स्थिति में सार्थक बदलाव ला सकती हैं। फिलहाल किसानी अब भी घाटे का सौदा है। देखना यह है कि अगले छह वर्षों तक चलने वाली ये योजनाएं किसानी में क्या क्रांति लाती हैं। 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की इन योजनाओं ने किसानों में नई उम्मीदें जगाई हैं, क्योंकि ये केवल वित्तीय घोषणाएं नहीं, बल्कि कृषि को पुनः भारत की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनाने का प्रयास प्रतीत होती हैं।

प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के अंतर्गत 100 से कम उपज वाले जिलों को लक्षित करना और निर्धारित करना कि राष्ट्रीय औसत उपज से 25 प्रतिशत कम उत्पादन वाले इन जिलों की पैदावार को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाया जाए, एक सराहनीय कदम है। वहां के किसानों को बुनियादी ढांचा और वित्तीय सहायता प्रदान कर, फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देकर, सिंचाई, भंडारण और प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध कराने से जलवायु-सम्मत, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ कृषि को बल मिलेगा। कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने की यह कोशिश कालांतर में किसानों की आजीविका और आमदनी दोनों में वृद्धि करेगी। खेती के लिए कर्ज देने से किसानों को सुविधा तो मिलती है, पर यह चिंता भी रहती है कि कर्जग्रस्तता और आत्महत्याएं न बढ़ें। केवल कर्ज देना पर्याप्त नहीं, उसके साथ सुदृढ़ बीमा, फसल मूल्य स्थिरता और विपणन की गारंटी भी आवश्यक है। यदि किसान को यह भरोसा हो कि उसकी फसल का न्यूनतम मूल्य मिलेगा और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में सरकार उसके साथ खड़ी होगी, तभी कृषि ऋण विकास का सशक्त साधन बन सकता है।

देश में दालों की खपत बढ़ रही है, लेकिन उत्पादन में स्थायित्व नहीं है। दशकों से दलहन उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों के बावजूद यह क्षेत्र धान-गेहूं जैसी गारंटी नहीं पा सका। यदि मिशन के तहत बीज सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य की विश्वसनीयता और निर्यात नीति में स्थिरता लाई गई, तो आत्मनिर्भरता का लक्ष्य अब दूर नहीं रहेगा। इन सरकारी योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि खेती 'मुनाफे का धंधा' बनने की ओर बढ़े। इसके लिए केवल धन वितरण या अवसंरचना निर्माण पर्याप्त नहीं। किसानों को प्रशिक्षण, तकनीक, जल प्रबंधन और बाजार तक सीधा संपर्क भी चाहिए। साथ ही ग्रामीण युवाओं को कृषि-आधारित उद्योगों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि पलायन रुके और गांवों में रोजगार सृजित हों। इससे उस नरेटिव को तोड़ने में सफलता मिलेगी जिसमें कहा जाता है कि सरकार कॉरपोरेट दबाव में खेती को धीरे-धीरे खत्म करना चाहती है। योजना अगर नियोजित तरीके से लागू हुई, खेत, बाजार और किसान के बीच भरोसे का पुल बना तो कृषि फिर से अर्थव्यवस्था की आत्मा बना सकती है।

### प्रसंगवश

## ज़ोहो: मजदूरी से असली IT क्रांति तक का सफर

आईटी सेक्टर के आने पर कहा गया था कि भारत में तकनीकी क्रांति आ गई है, लेकिन सच यह है कि वह ज़्यादातर आईटी मजदूरी की क्रांति थी, जहां भारतीय युवा पश्चिमी कंपनियों के लिए कोडिंग और सपोर्ट का काम करने लगे। मेहनत हमारी थी, मगर मालिकाना हक किसी और का था। श्रीधर वेंबू ने इस मानसिकता को चुनौती दी। उनकी कंपनी ज़ोहो सिर्फ एक बिजनेस मॉडल नहीं, बल्कि यह इस सोच की क्रांति है कि तकनीक का केंद्र गांव भी बन सकते हैं और प्रतिभा डिग्री या अंग्रेजी की मोहताज बिल्कुल नहीं।

वेंबू अमेरिका में रहकर करोड़ों कमा सकते थे, लेकिन उन्होंने ठान लिया कि अगर रोजगार गांव तक नहीं जा रहा, तो हम ही उद्योग गांव तक ले जाएंगे। जहां बाकी आईटी कंपनियां बड़े शहरों में टॉवर बना रही थीं, वहीं ज़ोहो ने तमिलनाडु के छोटे कस्बों और गांवों में दफ्तर खोले। वहां के युवाओं को ज़ोहो ने बिना डिग्री, बिना अंग्रेजी और महंगे कॉलेज के बिना खुद ट्रेनिंग देकर काम दिया। आज ज़ोहो के हजारों कर्मचारी ऐसे गांवों से आते हैं, जिनका आईटी से कोई संबंध पहले नहीं था।




उपेंद्र चौधरी

वरिष्ठ पत्रकार


ज़ोहो ने तीन बड़े बदलाव किए। असली टैलेंट की पहचान की। गांव के युवाओं को सिखाकर इंटरनेशनल प्रोडक्ट बनवाए गए। आउटसोर्सिंग नहीं, अपना प्रोडक्शन किया जाए। ज़ोहो ने माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी कंपनियों को टक्कर देने वाले सॉफ़्टवेयर खुद तैयार किए। गांवों में रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए शहरों को बोझ से बचाकर विकास को गांवों तक पहुंचाया गया।

जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर भारी टैरिफ लगाए, तो दुनिया की टेक कंपनियों में हड़कंप मच गया। सप्लाई चेन से लेकर सर्विस डिलीवरी तक सब पर असर पड़ा। कई कंपनियों ने लागत बढ़ने की वजह से विस्तार रोक दिया, लेकिन ज़ोहो ने इस संकट को मौका बना लिया। अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियां चीन के विकल्प खोजने लगीं। ऐसे में भारत एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा। फिर ज़ोहो जैसे स्वदेशी और स्वतंत्र मॉडल की ओर दुनिया का ध्यान गया।

ज़ोहो ने इस दौरान बिना विदेशी निवेश और किसी दबाव के अपने सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स को अमेरिका, यूरोप और एशिया के बाजारों में मज़बूती से स्थापित किया। यहीं से यह साबित हुआ कि भारत सिर्फ 'बैक ऑफिस' नहीं, बल्कि नए वैश्विक समाधान का निर्माता है और उस निर्माण की जड़ें गांव में भी हो सकती हैं।

अभी तक भारतीय आईटी सेक्टर की पहचान यही थी कि 'काम हम करें, मालिकाना हक उनका हो।' वेंबू ने इसे उलट दिया। बिना विदेशी फंड और बिना शेयर मार्केट के दबाव के ज़ोहो आज 190 से ज़्यादा देशों में सेवाएं दे रहा है। अब यह संभव है कि सरकारी स्कूल का बच्चा ग्लोबल सॉफ्टवेयर बनाए। गांव की लड़की अंतर्राष्ट्रीय टीम संभाले। बिना एमबीए और आईआईटी के लोग प्रोडक्ट डिज़ाइनर बनें। कंपनी विदेशी निवेश के बिना भी बढ़े। यह दान नहीं, दूरदर्शी आत्मनिर्भरता के बूते संभव है।

पहली आईटी लहर ने भारत के शहरों को काम दिया। ज़ोहो वाली यह लहर भारत के गांवों को आत्मविश्वास दे रही है। इतना ही नहीं यह निम्नलिखित तीन मिथक को भी तोड़ती है। पहली, नवाचार सिर्फ शहरों में होता है। दूसरा टैलेंट की भाषा सिर्फ़ अंग्रेजी है और तीसरा सफलता के लिए निवेशक ज़रूरी हैं। ज़ोहो ने यह दिखाया कि लाभ, उत्पाद और अपना देसी मानव संसाधन को साथ लेकर भी विश्वस्तरीय सफलता हासिल की जा सकती है।

# तालिबान-भारत रिश्ता, चीन के लिए झटका






नवीन गुप्ता

बरेली


भारत के दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने चीन के मंसूबे पर पानी फेर दिया और पाकिस्तान को भी यह बता दिया कि सदियों पुराने भारत-अफगानिस्तान के रिश्ते में कहीं कोई बाधा नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और कूटनीति ने चीन और पाकिस्तान को चौंका दिया है। अफगानिस्तान में पहले दूतावास की पूर्ण रूप से बहाली की घोषणा और फिर अफगानिस्तान द्वारा खनिज पदार्थों की माइनिंग के लिए भारत को निमंत्रण यह बताने के लिए काफी है कि अब यह नया भारत है। अब तक चीन की कोशिश थी कि वह अफगानिस्तान के खनिज पदार्थों का खनन अकेले ही करे, लेकिन भारत के दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने चीन के मंसूबे पर पानी फेर दिया और पाकिस्तान को भी यह बता दिया कि सदियों पुराने भारत-अफगानिस्तान के रिश्ते में कहीं कोई बाधा नहीं है। इस रिश्ते में गर्मजोशी सदैव बनी रहेगी।

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने दूतावास को बंद कर दिया था, हालांकि अब दूतावास फिर से सक्रिय होने जा रहा है। इसका लाभ दोनों देशों को मिलेगा। अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के भारत दौरे ने बहुत कुछ बदल दिया है। मुत्ताकी ने भी भारत में नए राजनयिक भेजने की घोषणा की है। यहां चीन के साथ दोस्ती करने में जुटे पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। चीन भी इस रिश्ते से सकते में है, क्योंकि मुत्ताकी ने अफगानिस्तान में भारतीय माइनिंग कंपनियों के लिए दरवाजे जो खोल दिए हैं। चीन अर्से से इस कोशिश में लगा था कि अफगानिस्तान के खनिज पदार्थों का खनन वह अकेले करेगा, लेकिन उसकी मंशा पर पानी फिर गया है।

अफगानिस्तान की सोना, कोयला, कॉपर, आयरन, लीथियम और यूरेनियम का अकूत भंडार है। इसके साथ ही तेल और गैस के भी पर्याप्त भंडार हैं। चीन की कंपनियां वहां खनन तो करना चाहती हैं, लेकिन सुरक्षा कारणों से वे वहां कदम रखने से कतराती हैं। फिलहाल चाइना मेटलर्जिकल ग्रुप कॉर्पोरेशन, गोचिन, शिंगजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस आदि कंपनियां वहां खनन कर रही हैं। तालिबान के कब्जे के बाद चीन ने लगभग सात बिलियन डॉलर निवेश किया है।

2023 में शिंगजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस कंपनी ने तेल भंडार विकसित करने के उद्देश्य से 450 मिलियन डॉलर का समझौता तालिबान सरकार से किया था। चीन ने तालिबान सरकार पर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में काबुल को शामिल करने का दबाव भी बनाया है, लेकिन इसमें सफलता मिलती नहीं दिख रही है। खनिजों के खनन में भारत को मिले अवसर से भारत और अफगानिस्तान के बीच संबंध और मजबूत होंगे। अफगानिस्तान के विकास में भारत का योगदान भी बढ़ेगा, जो दीर्घकालिक साझेदारी की नींव रखेगा। साथ ही यह निवेश भारत को मध्य एशिया में एक मजबूत भू-राजनीतिक स्थिति प्रदान करने में मदद करेगा। इससे क्षेत्र में न सिर्फ भारत का प्रभाव बढ़ेगा, बल्कि चीन, पाकिस्तान के प्रभाव का मुकाबला करने में भी मदद मिलेगी।

अफगानिस्तान 34 प्रांतों में बंटा हुआ है। यहां के बदख्शां प्रांत में लगभग दो हजार टन सोना, अमू दरिया बेसिन में प्रांत में करीब 400 मिलियन टन कोयला, नूरिस्तान व अन्य इलाकों में लीथियम, कोबाल्ट, नियोडिमियम, हिंदूकुश क्षेत्र में 1,300 मिलियन टन संगमरमर का भंडार है। इसी इसी तरह, लोगर प्रांत में लगभग 60 मिलियन टन तांबा तो बामियान प्रांत में 22 सौ मिलियन लौह अयस्क का भंडार है। इन खनिजों पर दुनिया के कई देशों की निगाह है। अब भारत की कंपनियां भी इन खनिजों में बड़ी हिस्सेदार होंगी।

भारत-अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। भारत ने वहां 500 से अधिक परियोजनाओं पर तीन अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। भारत सरकार वहां सड़क, बिजली, बांध, अस्पताल आदि का निर्माण कर रही है। 2023 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तो संसद में भारत और अफगानिस्तान के ऐतिहासिक रिश्तों का बखान किया था। रूस ने तालिबान सरकार को मान्यता दे रखी है।

चीन ने अफगानिस्तान में अपना एक राजदूत भी नियुक्त कर रखा है। 40 से ज्यादा देशों ने किसी न किसी रूप में अफगानिस्तान से कूटनीतिक या अनौपचारिक संबंध बना रखे हैं। अब इस श्रेणी में भारत भी शामिल हो गया है, हालांकि तालिबान सरकार को अभी भारत ने मान्यता तो नहीं दी है, लेकिन अपना दूतावास पूर्ण रूप से खोलने का निर्णय जरूर ले लिया है। ईरान के बलूचिस्तान में स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर विकसित कर रहे हैं। चाबहार भारत और अफगानिस्तान के लिए व्यापार और कनेक्टिविटी का एक महत्वपूर्ण रास्ता है, जो पाकिस्तान को बायपास करके मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है।

अफगानिस्तान के साथ आने से भारत को लाभ होगा। चाबहार बंदरगाह का विकास और उसमें अफगानिस्तान द्वारा भारत को सहयोग करना पाकिस्तान-चीन के लिए बड़ा झटका होगा। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे यह चाबहार बड़ा खतरा है। चाबहार बंदरगाह की वजह से भारत को पाकिस्तान से गुजरे बिना अफगानिस्तान और मध्य एशिया अपने उत्पाद पहुंचाने और वहां से लाने में आसानी होगी। अफगान विदेश मंत्री द्वारा चाबहार परियोजना पर सहयोग देने की घोषणा मात्र से ही पाकिस्तानी हुक्मरान असहज दिख रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान की प्रासंगिकता कम होगी। मुत्ताकी ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए एक व्यापार समिति के गठन का एलान किया है। यह समिति भारत के साथ मिलकर बाधाओं को दूर करेगी। इससे दोनों देशों में व्यापार बढ़ेगा।

### आमने



मैं किसी भी सैन्य अधिकारी का अनादर नहीं कर रहा, लेकिन स्वर्ण मंदिर को फिर से लेने के लिए यह गलत तरीका था। कुछ साल बाद, हमने सेना को बाहर रखकर इसे लेने का सही तरीका दिखाया। मैं मानता हूं कि इंदिरा गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

**–पी चिदंबरम**, कांग्रेस नेता

### सामने

ऑपरेशन ब्लू स्टार सही था या गलत, यह अलग बात है, लेकिन पी चिदंबरम को 50 साल बाद कांग्रेस पार्टी, यानी इंदिरा गांधी पर हमला करने और यह दावा करने की क्या जरूरत है कि उन्होंने गलत कदम उठाया? वह वही कर रहे हैं जो बीजेपी और प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

**–राशिद अलवी**, कांग्रेस नेता



# कॉपर बनेगा भविष्य की ऊर्जा का 'नया सोना'




रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ


दुनिया आज बहुत तेजी से पुरानी ऊर्जा यानी कोयला और तेल से हटकर स्वच्छ और नई ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। इस बदलाव में जो धातु सबसे ज्यादा चमक रही है, वह है कॉपर।

दुनिया आज बहुत तेजी से पुरानी ऊर्जा यानी कोयला और तेल से हटकर स्वच्छ और नई ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। इस बदलाव में जो धातु सबसे ज़्यादा चमक रही है, वह है कॉपर। विशेषज्ञ अब इसे 'नया सोना' कह रहे हैं, क्योंकि यह आने वाले समय में हर उद्योग और हर देश की ऊर्जा का सबसे जरूरी हिस्सा बनने वाला है। आज हर इलेक्ट्रिक गाड़ी, सोलर पैनल, पवन चक्की और बिजली के तारों में कॉपर का इस्तेमाल होता है। कॉपर बिजली को बहुत तेजी से प्रवाहित करता है, इसलिए इसे ऊर्जा की नस कहा जा सकता है। आने वाले 10 सालों में जब दुनिया इलेक्ट्रिक और ग्रीन एनर्जी की ओर जाएगी, तब कॉपर की मांग बहुत ज़्यादा बढ़ जाएगी।

इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक दुनिया में कॉपर की कमी लगभग 1.5 लाख टन तक हो सकती है। यानी मांग अधिक होगी और आपूर्ति कम। इसी वजह से कॉपर की कीमतें बढ़ रही हैं। अक्टूबर 2025 में लंदन मेटल एक्सचेंज पर कॉपर की कीमत 10,700 डॉलर प्रति टन के पार चली गई, जो अब तक के ऊंचे स्तरों में से एक है। यह स्थिति दिखाती है कि आने वाले वर्षों में कॉपर की मांग और कीमत दोनों में तेजी बनी रहेगी।

भारत की स्थिति इस बदलाव के केंद्र में है। कभी स्वदेशी उत्पादन के बल पर आत्मनिर्भर दिखने वाला भारत अब Refining कॉपर का शुद्ध आयातक बन चुका है। 2018 में वेदांता कंपनी की तूतीकोरिन (तमिलनाडु) यूनिट बंद होने के बाद भारत की घरेलू आपूर्ति में तेज गिरावट आई और आयात निर्भरता बढ़ गई। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने लगभग 10.7 अरब डॉलर मूल्य का कॉपर आयात किया, जबकि निर्यात केवल 2.3 अरब डॉलर के आसपास रहा। इससे देश की विदेशी मुद्रा पर बोझ बढ़ा और भारत एक शुद्ध आयातक देश बन गया।

भारत के पास विशाल संभावनाएं हैं। देश में अनुमानित 12.2 मिलियन मीट्रिक टन कॉपर के भंडार हैं, जिनमें से लगभग 18% को उपयोगी भंडार माना गया है। अब सरकार चाहती है कि भारत फिर से कॉपर उत्पादन में आत्मनिर्भर बने। इसके लिए कई बड़ी कंपनियां निवेश कर रही हैं। अडानी ग्रुप गुजरात के कच्छ में पांच लाख टन क्षमता वाली कॉपर स्मेल्टर यूनिट बना रहा है, जिसे आगे चलकर 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा। वहीं जेएसडब्ल्यू ग्रुप ओडिशा में 0.5 मिलियन टन क्षमता की नई कॉपर फैक्ट्री लगाने की तैयारी में है। इन प्रोजेक्ट्स के शुरू होने से भारत की कॉपर उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और आयात पर निर्भरता घटेगी।

वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की कॉपर मांग 1,522 किलो टन थी, जो पिछले वर्ष से 16% ज्यादा थी। अनुमान है कि 2030 तक भारत की मांग तीन मिलियन टन और 2047 तक नौ मिलियन टन तक पहुंच सकती है। इस तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत को खनन, Refining और Manufacturing तीनों क्षेत्रों में तेजी से काम करना होगा।

कॉपर उद्योग के विस्तार से भारत की GDP को सीधा फायदा होगा। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा, विदेशी मुद्रा की बचत होगी और औद्योगिक विकास में तेजी आएगी। ऊर्जा सुरक्षा के नजरिए से भी यह कदम महत्वपूर्ण है, क्योंकि घरेलू स्तर पर कॉपर की उपलब्धता बढ़ने से भारत अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होगा। निवेशकों के लिए भी यह समय सुनहरा अवसर है। अगर कोई निवेशक आज कॉपर से जुड़ी कंपनियों में निवेश करता है, तो आने वाले पांच से दस साल में उसे अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, जो भारत की सबसे बड़ी कॉपर कंपनी है, ने FY2024 में 2,071 करोड़ की आय दर्ज की, जो पिछले साल से 20% अधिक है। इसका मार्केट वैल्यू अब लगभग 23,500 करोड़ है। इसके शेयर ने पिछले तीन सालों में 213% और पिछले पांच सालों में 900% तक की बढ़त दी है। यह साबित करता है कि जब वैश्विक मांग और घरेलू नीति साथ चलती हैं, तो कॉपर कंपनियों के मुनाफे और शेयर मूल्य दोनों तेजी से बढ़ते हैं।

सिर्फ हिंदुस्तान कॉपर ही नहीं, बल्कि अडानी कॉपर ट्यूब्स और जेएसडब्ल्यू मेटल्स जैसे नए खिलाड़ी भी इस उद्योग में कदम रख रहे हैं। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और निवेशकों को नए अवसर मिलेंगे। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि 2026 तक कॉपर की कीमतें 12,000 डॉलर प्रति टन तक जा सकती हैं। ऐसे में जिन कंपनियों के पास खनन लाइसेंस, Refining संयंत्र और निर्यात करार होंगे, वे भविष्य में 'गोल्डन मल्टीबैगर' साबित हो सकती हैं। हालांकि यह भी सच है कि यह उद्योग पूंजी-गहन है और कीमतों में उतार-चढ़ाव रहेगा, इसलिए निवेशकों को लंबी अवधि का नजरिया रखना चाहिए।

कॉपर सिर्फ एक धातु नहीं, बल्कि भारत के लिए आर्थिक ताकत और ऊर्जा सुरक्षा का प्रतीक बन रहा है। अगर भारत ने सही नीति, निवेश और नवाचार का संतुलन बनाया, तो वह कॉपर उत्पादन में आत्मनिर्भर बन कर दुनिया का अग्रणी देश बन सकता है। यह समय है जब भारत को 'कॉपर क्रांति' को अपनाना चाहिए, क्योंकि आने वाले दशक में कॉपर ही भविष्य की ऊर्जा का असली सोना साबित होगा।

### सोशल फोरम

## गुरुदत्त ने 'प्यासा' के एक सीन में लिए थे 104 टेक

गुरुदत्त ने तीन दफा अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया था। गुरुदत्त साहब के दोस्त व उनकी टीम का अभिन्न हिस्सा और दिग्गज सिनेमैटोग्राफर रहे वीके मूर्ति जी ने एक दफा एक वेबसाइट को दिए एक इंटरव्यू में गुरुदत्त जी से अपनी पहली मुलाकात व उनकी शख्सियत के बारे में कई बातें शेयर की थीं। उन्होंने कहा था, मैं गुरुदत्त से पहली दफा तब मिला था जब मैं फेमस स्टूडियो में असिस्टेंट कैमरामैन के तौर पर काम कर रहा था। उन्हीं दिनों अपनी फिल्म बाजी बनाने के लिए देवानंद के 'नवकेतन फिल्म्स' ने वो स्टूडियो किराए पर लिया। एक दिन मैंने गुरुदत्त को एक खास सीन के लिए एक अलग तरह का शॉट लेने की सलाह दी।




किस्सा टीवी

फेसबुक

वो शॉट जरा मुश्किल था। गुरुदत्त बोले कि उनका कैमरामैन वो नहीं कर पाएगा। मैंने उनसे कहा कि अगर आपका कैमरामैन मुझे ये शॉट लेने की परमिशन दे दे तो मैं इसे कैप्चर करना चाहूंगा। गुरुदत्त ने कहा कि आप दो से तीन टेक ही ट्राय कीजिएगा, मगर मैंने वो शॉट एक ही टेक में ले लिया। उस दिन पैकअप होने के बाद गुरुदत्त मेरे पास आए और बोले कि क्या तुम मेरी अगली फिल्म में मेरे साथ काम करोगे? और यूं गुरुदत्त के साथ मेरा सफर शुरू हो गया। वो बहुत महान डायरेक्टर थे। बहुत क्रिएटिव थे और अपने काम में बहुत रुचि रखते थे।

आर पार फिल्म की मेकिंग के दौरान मेरी और गुरुदत्त की तगड़ी लड़ाई हो गई थी। बाद में वो मेरे पास आए और उन्होंने बताया कि उन पर ये फिल्म जल्दी पूरी करने का बहुत प्रेशर है। उन्होंने ये भी कहा कि हमें एक-दूजे के साथ को-ऑपरेट करना चाहिए और जल्दी काम फिनिश करना चाहिए। उसके बाद हमने हमेशा अच्छी तरह काम किया। कभी हमारी बहस नहीं हुई। वो बहुत सामान्य, बहुत ही खुशमिजाज इंसान थे। वो किसी मिडिल क्लास इंसान की तरह जीते थे। सफलता मिलने के बाद भी उनमें कोई बदलाव नहीं आया था। हम दोनों अक्सर डोसा और भेलपूरी खाने जाते रहते थे। स्टूडियो कंपाउंड में क्रिकेट खेलते थे।

प्यासा फिल्म के एक सीन में गुरुदत्त ने 104 टेक लिए थे। उस सीन में डायलॉग जरा लंबा था और वो बार-बार डायलॉग भूल रहे थे। मगर जब तक सीन परफेक्टली शूट नहीं हुआ तब तक वो रुके नहीं। उन्हें वो सीन एकदम परफेक्ट चाहिए था।



### सामयिकी

## त्योहार पर सेहत से खिलवाड़ और नैतिकता का सवाल

हर त्योहार पर मिलावटखोरों की चांदी हो जाती है। पैसा बनाने के चक्कर में वह अपने ही देश के लोगों की सेहत और जान से खिलवाड़ करते हैं। अहम सवाल यह है कि क्या भारतीय दुकानदारों का नैतिक पतन इस दर्जे गिर चुका है कि वह तमाम रोक-थाम के बावजूद मिलावटी सामान बेचने से बाज नहीं आते हैं। कुछ घटनाएं ध्यान खींचती हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को विजयदशमी के दिन कई जगहों पर योजनाबद्ध तरीके से छापा मारकर मिलावटी देशी घी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में 1,625 किलोग्राम मिलावटी देशी घी जब्त किया गया और छह आरोपी गिरफ्तार हुए।

करावल नगर के शिव विहार से 33 टिनों में कुल 520 किलोग्राम नकली देशी घी और मिलावट में इस्तेमाल होने वाले केमिकल व दवाएं बरामद कीं। पुराना मुस्तफाबाद में छापा मारने के बाद 44 टिनों में 665 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर आदि बरामद किया गया।




मनोज अग्रवाल

वरिष्ठ पत्रकार


निजी स्वार्थों से प्रेरित मिलावटखोर अधिक लाभ कमाने के लालच में खाद्य पदार्थों में हानिकारक वस्तुओं की मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे हैं। 15 सितंबर को दिल्ली की उत्तरी बाहरी जिला पुलिस ने फैक्टरी का भंडाफोड़ करके वहां से लगभग 7600 लीटर मिलावटी घी बरामद करके फैक्टरी के सुपरवाइजर को गिरफ्तार किया, जबकि फैक्टरी का मालिक फरार है।

23 सितंबर को जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने चांदपोल बाजार स्थित एक गोदाम पर छापा मार कर वहां से विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों के लेबल लगाकर बेचा जाने वाला 884 लीटर नकली देसी घी बरामद किया। 23 सितंबर को ही जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने मालवीय नगर में एक पिकअप वैन को जब्त कर, उसमें से 400 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद करके उसे नष्ट करवाया।

26 सितम्बर को बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोहन पापड़ी के गोदाम पर दबिश देकर वहां भारी मात्रा में नकली पापड़ी जब्त करके फैक्टरी को सील कर दिया। 28 सितंबर को निजामपुर (उत्तर प्रदेश) में नकली मिठाई बनाने वाली फैक्टरी को सील किया गया, जहां घटिया सामग्री से बड़े पैमाने पर पेड़ा, बर्फी और टाफियां आदि बनाई जा रही थीं।

28 सितंबर को ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक पिकअप वैन में भरकर अलवर (राजस्थान) से जयपुर ले जाया जा रहा 110 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया। 29 सितंबर को राजस्थान के बानसूर और कोटपूतली में खाद्य विभाग ने 600 लीटर नकली दूध और 375 लीटर मिलावटी घी जब्त किया।

30 सितंबर को गुरुग्राम (हरियाणा) के फर्रुखनगर में खाद्य सुरक्षा विभाग तथा सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापे मार कर 2000 किलो से अधिक मिलावटी पनीर और खोया (मावा) जब्त किया तथा सैंपल की रिपोर्ट आने से पहले बरामदगी वाले प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। 30 सितंबर को कोटपूतली (राजस्थान) के विराटनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने एक पिकअप से 1100 किलो सिंथेटिक पनीर बरामद करके उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया और एक आरोपी को हिरासत में लिया।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूध, घी तथा पनीर जैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट से पाचन तंत्र, लिवर तथा किडनी पर सीधा असर पड़ता है। मिलावटी वस्तुएं खाने से अनेक गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। मिलावटी घी तथा पनीर के सेवन से कैंसर तक भी हो सकता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बजट फ्रेंडली ईवी स्कूटर

पेट्रोल के बढ़ते दामों और पर्यावरण संकट को देखते हुए बीते कुछ सालों से भारतीय ऑटो मार्केट में इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की डिमांड बढ़ती जा रही है। ऑटो कंपनियां भी अब स्टाइल से लेकर परफॉर्मेंस और पर्सनालिटी के बेहतरीन कॉम्बिनेशन वाले नए-नए मॉडल्स पेश कर रही हैं, जिससे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स पर स्विच करने वालों को अब बजट, स्पीड या फिर फीचर्स को लेकर समझौता नहीं करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर आप भी इलेक्ट्रिक स्कूटर्स खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो आज हम आपको 2025 के पांच ऐसे स्कूटर्स के फीचर्स के बारे में बताएंगे, जो आपके और आपके पॉकेट के लिए बेस्ट रहेंगे।



## एथर 450 एस

एथर 450 एस एक स्मार्ट, फीचर-लोडेड और प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटरों में से एक है। इस स्कूटर में कंपनी ने 2 .9 केडव्ल्युएच का बैटरी पैक दिया है, जो एक एफिशिएंट मोटर के साथ आता है। इस मॉडल की मोटर 5 .4 केडव्ल्यु बैटरी की पावर और 22 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह करीब 115 किमी की क्लेम्ड रेंज और 90 किमी प्रति घंटे की स्पीड देता है। इसकी कीमत कि बात करें तो, इस मॉडल की कीमत वेरिएंट और जगह के हिसाब से अलग-अलग है। इस मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत 1,20,841 से 1.44 लाख रुपये है। इसमें 7-इंच का कलर एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है। स्कूटर का डीपव्यू डिस्प्ले रीयल टाइम नेविगेशन, राइड मोड और कनेक्टेड फीचर्स ऑफर करता है।

## टीवीएस ऑरबिटर

टीवीएस ऑरबिटर एक किफायती और फीचर से लैस इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जो एक बार चार्ज करने पर लगभग 115-158 किमी की रेंज कवर करता है। साथ ही 3.1 केडव्ल्युएच बैटरी और मिड-माउंटेड मोटर द्वारा ऑपरेटेड 68 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड देता। फीचर्स की बात करें



तो एक मल्टी-कलर इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ आता है। यह ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, हिल-होल्ड असिस्ट, क्रूज कंट्रोल, यूएसबी चार्जिंग, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, थेफ्ट अलर्ट और ओटीए अपडेट सहित कई फीचर्स हैं। इसके अलावा यह 34 लीटर अंडरसीट स्टोरेज कैपेसिटी भी ऑफर करता है, जो दो हाफ फेस हेलमेट और डुअल राइड मोड को स्टोर करने में सक्षम है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 99,000 रुपये है। जगह के अनुसार कीमत में बदलाव हो सकता है।



## हीरो विडा वी 2 प्रो

हीरो विडा वी 2 प्रो 3.94 केडव्ल्युएच बैटरी और 6 केडव्ल्यु मोटर से लैस है, जो 25 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। हीरो का यह स्कूटर सिंगल चार्ज में 165 किमी रेंज ऑफर करता है, जिसकी टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटे है। इसमें रिमूवेबल बैटरी है, जिसे आप घर या ऑफिस कहीं भी आसानी से चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें 4 राइड मोड, रिजेनरेटिव ब्रेकिंग और एक बड़ा टीएफटी डिस्प्ले जैसे फीचर्स हैं। इसे आप 1.20 लाख की शुरुआती कीमत पर खरीद सकते हैं। हालांकि जगह के अनुसार कीमत बदल सकती है।



## बजाज चेतक 3501

बजाज चेतक 3501 की 3.5 केडव्ल्युएच बैटरी 153 किमी तक चलती है। स्कूटर की टॉप स्पीड 73 किमी प्रति घंटे है। इसमें 35 एल अंडर सीट कैपेसिटी, एंटी थेफ्ट अलर्ट, ओवरस्पीड अलर्ट, आईपी 67-रेटेड बैटरी पैक और स्मार्टफोन कनेक्टिविटी जैसे कई फीचर्स हैं। इस स्कूटर की शुरुआती कीमत 1.22 लाख रुपये है। जगह के अनुसार गाड़ी की कीमत में बदलाव हो सकता है।





# डैशकैम : सड़क सुरक्षा का स्मार्ट तरीका

*भारत में सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या के साथ ही सड़क हादसों के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे माहौल में कार मालिकों के लिए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। यही वजह है कि अब लोग अपनी गाड़ियों में डैशकैम लगवाने की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। यह छोटा सा कैमरा अब सिर्फ एक्सेसरी नहीं, बल्कि एक जरूरी सुरक्षा उपकरण बन चुका है। डैशकैम न सिर्फ आपकी ड्राइविंग को सुरक्षित बनाता है, बल्कि किसी भी विवाद में आपका मौन गवाह साबित होता है। यह एक बार का निवेश है, जो लंबी अवधि में आपकी सुरक्षा और मानसिक सुकून दोनों सुनिश्चित करता है।*

### क्या है डैशकैम

डैशकैम एक छोटा डिजिटल कैमरा होता है, जिसे आमतौर पर कार के डैशबोर्ड या विंडशील्ड पर लगाया जाता है। यह ड्राइविंग के दौरान लगातार वीडियो रिकॉर्ड करता है। किसी एक्सीडेंट, ट्रैफिक विवाद या सड़क पर हुई दुर्घटना की स्थिति में फुटेज महत्वपूर्ण सबूत के तौर पर काम आते हैं। कई देशों में डैशकैम फुटेज को कानूनी साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जाता है और अब भारत में भी इसके उपयोग को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।

### क्यों जरूरी है कार में डैशकैम

डैशकैम का सबसे बड़ा फायदा यह है कि सड़क हादसे में अक्सर यह तय करना मुश्किल होता है कि गलती किसकी थी। ड्राइवर की या सामने वाले की। ऐसे में डैशकैम की वीडियो रिकॉर्डिंग विवाद को सुलझाने में निर्णायक साबित होती है। साथ ही यह इंश्योरेंस क्लेम प्रक्रिया को भी आसान बनाता है। कई बार कार पार्किंग में खरोंच लग जाए या कोई वाहन टकरा जाए, तो डैशकैम फुटेज से जिम्मेदारी तय करने में मदद मिलती है।

## टिप्स

## डैशकैम खरीदने से पहले जानें ये जरूरी बातें

### हाई वीडियो क्वालिटी

कैमरे की रिजॉल्यूशन कम से कम फुल एचडी (1080 एमपी) या उससे बेहतर होनी चाहिए ताकि नंबर प्लेट और सड़क की डिटेल्स साफ दिखें।

### स्टोरेज कैपेसिटी

बड़ी मेमोरी सपोर्ट वाला डैशकैम चुनें, जिससे पुरानी रिकॉर्डिंग को बार-बार डिलीट न करनी पड़े। कई मॉडल्स में लूप रिकॉर्डिंग फीचर होता है, जो पुराना डेटा खुद ही ओवरराइट कर देता है।

### बैटरी और पावर सपोर्ट

सुनिश्चित करें कि कैमरे में अच्छा बैटरी बैकअप हो या वह कार के पावर सॉकेट से सीधे जुड़ सके।

### जीपीएस और कनेक्टिविटी फीचर्स

जीपीएस वाला डैशकैम लोकेशन और स्पीड डेटा के साथ वीडियो सेव करता है। वहीं, वाई-फाई या ब्लूटूथ सपोर्ट से फुटेज मोबाइल में आसानी से ट्रांसफर किया जा सकता है।

### नाइट विजन और वाइड एंगल लेंस

कम रोशनी में भी साफ रिकॉर्डिंग के लिए नाइट विजन और वाइड एंगल व्यू (120-170 डिग्री) वाले कैमरे ज्यादा कारगर रहते हैं।

### डबल चैनल रिकॉर्डिंग

अगर बजट अनुमति देता है, तो फ्रंट और रियर दोनों व्यू रिकॉर्ड करने वाला डैशकैम खरीदें। इससे पीछे से होने वाली टक्करें भी रिकॉर्ड हो जाती हैं।





# कार नहीं दे रही मनचाहा माइलेज अपनाएं ये उपाय

आज के समय में कार सिर्फ एक जरूरत नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है। भारत में लाखों लोग हर दिन कार से सफर करते हैं, लेकिन अक्सर उनकी शिकायत होती है कि गाड़ी का माइलेज उम्मीद से कम मिलता है। अक्सर सर्विस सेंटर जाकर भी कई बार कोई खास सुधार नहीं दिखता। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बिना कोई अतिरिक्त खर्च किए कार का एवरेज कैसे बढ़ाया जा सकता है। आइए आपको बताते हैं कुछ आसान और असरदार टिप्स, जिसको अपनाकर आप अपनी कार का माइलेज बढ़ा सकते हैं।



### नियमित सर्विस

आप अगर अपनी कार से अच्छा माइलेज चाहते हैं, तो उसकी सर्विसिंग में लापरवाही न करें। समय पर सर्विस न कराने से इंजन ऑयल खराब हो जाता है और ऑयल फिल्टर चोक होने लगता है। इससे इंजन पर दबाव बढ़ता है और फ्यूल खपत भी ज्यादा होती है। समय पर सर्विस कराने से इंजन की परफॉर्मेंस बनी रहती है और माइलेज बेहतर होता है।



### टायर प्रेशर पर ध्यान दें

कार के टायरों में सही मात्रा में हवा होना माइलेज के लिए बेहद जरूरी है। अगर टायरों में हवा कम है, तो इंजन पर ज्यादा लोड पड़ता है और गाड़ी को चलाने में अधिक फ्यूल लगता है। इसलिए हफ्ते में एक बार टायर प्रेशर जरूर चेक करें और कंपनी द्वारा बताई गई सीमा के अनुसार हवा भरवाएं।

### कंट्रोल स्पीड में चलाएं कार

गाड़ी को बहुत तेज चलाना ईंधन की खपत को बढ़ा देता है। बेहतर होगा कि कार को हमेशा नियंत्रित और नर्माल स्पीड में चलाएं। आमतौर पर 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार सबसे संतुलित मानी जाती है। इस स्पीड पर इंजन कम पावर लेता है और कार अच्छा एवरेज देती है।

### बदलें छोटी-छोटी आदतें

ड्राइविंग के दौरान अचानक ब्रेक लगाना, ज्यादा एक्सीलेरेटर देना या क्लच को लगातार दबाए रखना। ये सब गलत आदतें हैं, जो माइलेज कम करती हैं। इसके अलावा, अगर कार लंबे समय तक खड़ी है, तो इंजन बंद कर दें। इससे फ्यूल बचेगा और एवरेज में सुधार होगा।

## 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगा पर्यटन क्षेत्र

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान देता है और इसके सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित एमपी ट्रैवल मार्ट को संबोधित कर रहे थे।

# स्वदेशी एआई को वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई

## इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ योजना पर चल रही बातचीत

**कैंडोलिम (गोवा), एजेंसी**

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का शीर्ष निकाय, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई), भारत के स्वदेशी कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के साथ बातचीत कर रहा है। मंत्रालय देश का अपना बड़ा भाषा मॉडल (एलएलएम) विकसित करने के लिए काम कर रहा है। आईसीएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संस्थान भारत में विकसित किए जाने वाले एलएलएम (बड़े भाषा मॉडल) को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े



उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। आईसीएआई के चार लाख से अधिक सदस्य हैं।

अधिकारी ने बताया कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं। आईसीएआई का प्रस्ताव है कि भारत में विकसित किए जा रहे एलएलएम को वित्तीय और आर्थिक डेटा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि संस्थान के पास कंपनियों के बही-खाते, ऑडिट रिपोर्ट जैसी प्रमाणित जानकारी है, जो एआई मॉडल के लिए उपयोगी हो सकती है। आईसीएआई का कहना है कि वे प्रामाणिक और सटीक वित्तीय डेटा देने में सक्षम हैं।

### घरेलू एमडीपी के वित्तपोषण पर बन रही रिपोर्ट



देश में बड़ी स्वदेशी बहु-विषयक साझेदार फर्म (एमडीपी) की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईसीएआई एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसी फर्मों को वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने पर केंद्रित होगी। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि देश में ऐसी बहु-विषयक साझेदार फर्म तैयार की जाएं जो ऑडिटिंग और परामर्श सेवाओं को एक साथ प्रदान कर सकें और वैश्विक स्तर पर सक्रिय हों। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने रविवार को कहा कि सरकार के स्तर पर चर्चा हो रही है और संबंधित मुद्दों की समीक्षा की जा रही है। वैश्विक परामर्श और लेखा परीक्षा उद्योग का मूल्य लगभग 240 अरब अमेरिकी डॉलर है और इसमें विदेशी कंपनियों का दबदबा है। सरकार स्वदेशी पेशेवर सेवा क्षेत्र की बड़ी कंपनियां बनाने के प्रयास कर रही है, और विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भारतीय कंपनियों के लिए विस्तार के नए अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।

## दूरसंचार नेटवर्क विस्तार में स्थानीय प्राधिकरण बाधक

**नई दिल्ली।** दूरसंचार बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए जरूरी मंजूरियां देने में स्थानीय प्राधिकरणों की देरी, मनमाने शुल्क और असंगत प्रक्रियाओं के कारण डिजिटल नेटवर्क के विस्तार में बाधा आ रही है।

दूरसंचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने भारत मोबाइल कांग्रेस 2025 में राज्य के आईटी मंत्रियों के साथ एक बैठक में राज्य सरकारों से एकल खिड़की प्रणाली को चालू करने, समयबद्ध ढंग से मंजूरी देने, तर्कसंगत लागत आधारित शुल्क सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निकायों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य की आईटी नीतियों को नए विकास के साथ जोड़ने के लिए भी कहा। पेम्मासानी ने कहा कि राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसके तहत 2030 तक देश के सभी गांवों में 100 प्रतिशत ब्रॉडबैंड देने हैं।

# महिला-पुरुष अंतर पाटने पर काम कर रहा एसबीआई

- महिला कर्मियों की संख्या 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीति तैयार की है। बैंक का लक्ष्य पांच साल के भीतर अपने महिला कार्यबल को बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक करने का है। एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक (मानव संसाधन) और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) किशोर कुमार पोलुदासु ने कहा कि अगर हम अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की बात करें, तो महिलाएं लगभग 33 प्रतिशत हैं, लेकिन कुल मिलाकर, वे कुल कार्यबल का 27 प्रतिशत हैं। इसलिए, हम इस प्रतिशत को बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे ताकि विविधता और बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि बैंक इस अंतर को पाटने और अपने कार्यबल में 30 प्रतिशत महिलाओं के अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठा रहा है। एसबीआई के कुल कर्मचारियों की संख्या 2.4 लाख से अधिक है, जो देश के किसी भी संगठन और बैंकिंग उद्योग में सबसे अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि बैंक एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जहां महिलाएं सभी स्तरों पर आगे बढ़ सकें और लक्षित कार्यक्रमों के माध्यम से एसबीआई नेतृत्व, कार्य-जीवन संतुलन और कार्यस्थल पर सम्मान को बढ़ावा देता है।

पोलुदासु ने कहा कि बैंक कामकाजी माताओं के लिए क्रेश भत्ता प्रदान करता है। इसके अलावा मातृत्व अवकाश या विस्तारित बीमारी अवकाश से लौटने वाली महिला कर्मचारियों की सहायता के लिए परिवार संपर्क चलाता है।

## बिजीनेस ब्रीफ

### फ्लिपकार्ट को फेमा केस बंद करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लिपकार्ट को फेमा उल्लंघन का मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया है। इसके लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को अपनी गलती स्वीकार करनी होगी और जुर्माना भरना होगा। ईडी ने पिछले हफ्ते फ्लिपकार्ट को फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के कंपाउंडिंग नियमों के तहत यह विकल्प दिया था। एक सूत्र ने बताया कि ईडी ने फ्लिपकार्ट को कंपाउंडिंग का विकल्प दिया है। ईडी ने फ्लिपकार्ट से अपनी गलती स्वीकार करने, जुर्माना भरने और उससे जुड़े विक्रेता नेटवर्क को खत्म करने को कहा है।

### भारत से 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात

**नई दिल्ली।** भारत ने इस साल सितंबर तक समाप्त हुए चीनी विपणन सत्र में लगभग 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। चीनी



व्यापार संगठन ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। 2024-25 के लिए भारत में चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी 2025 को दी गई थी, जिसमें कुल 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की मंजूरी शामिल थी। एआईएसटीए के अनुसार, मिलों ने 2024-25 के विपणन सत्र के फरवरी से सितंबर के बीच कुल 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है।

### फिलिप्स भारत में लाएगी वैश्विक उत्पाद

**मुंबई।** वैश्विक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी कंपनी फिलिप्स भारत में अपने पुरुष सौंदर्य और मातृ एवं शिशु देखभाल उत्पादों की श्रृंखला को मजबूत करना जारी रखेगी। इसके अलावा वह घरेलू बाजार में अपने वैश्विक उत्पादों की पेशकश को भी आगे बढ़ाएगी। फिलिप्स इंडिया ने यह भी कहा कि बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की ओर रुझान तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी प्रीमियम खंड में 75 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देख रही है। फिलिप्स पर्सनल हेल्थ के प्रमुख स्मित शुक्ला ने कहा कि हम पुरुषों की देखभाल और मां-बच्चे की देखभाल से जुड़े उत्पादों को नवाचार और सुधारों के साथ लगातार बेहतर बनाते रहेंगे।

### प्रेस्टीज ग्रुप ने महंगे घरों की बिक्री शुरू की

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लि. ने गाजियाबाद में 620 फ्लैटों की बिक्री शुरू कर दी है, जिससे कंपनी को लगभग 2,200 करोड़ रुपये के अनुमानित राजस्व की उम्मीद है। यह पहल प्रीमियम आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच अपने व्यापार का विस्तार करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। इस वर्ष अप्रैल में बेंगलुरु की प्रेस्टीज एस्टेट्स ने गाजियाबाद में 62.5 एकड़ में फैली टाउनशिप शुरू करके दिल्ली-एनसीआर बाजार में प्रवेश किया था।

### एतिहाद प्रीमियम सेवाओं पर निर्भर

**कोलकाता।** भारत के 11 शहरों में प्रति सप्ताह 185 उड़ानें संचालित करने वाली एतिहाद एयरवेज देश में अपनी वृद्धि को गति देने के लिए प्रीमियम सेवाओं, लक्षित ग्राहकों और रणनीतिक साझेदारियों पर निर्भर है। अबू धाबी स्थित एयरलाइन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत एयरलाइन के लिए शीर्ष तीन वैश्विक बाजारों में से एक है।

# निवेश को बढ़ावा देगा भारत-ब्रिटेन समझौता

- विशेषज्ञ बोले-निर्यात के साथ कारोबार में भी होगी वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता देश के निर्यात को बढ़ावा देने और ब्रिटेन से निवेश आकर्षित करने में मदद करेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर किए गए थे और इसके अगले साल लागू होने की संभावना है।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि सीईटीए पर हस्ताक्षर से निर्यात को बढ़ावा मिलने, निवेश आकर्षित करने और कपड़ा, वाहन कलपुर्जा, जूते-चप्पल और फार्मास्युटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लगभग 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलने से भारत को लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि समझौते का एक प्रमुख आकर्षण सेवा क्षेत्र भी है, जहां यह ब्रिटेन के बाजार में भारतीय आईटी, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और पेशेवर सेवा प्रदाताओं के लिए व्यापक अवसर खोलेगा। इसके अतिरिक्त, डिडवानिया ने कहा कि यह समझौता कुशल पेशेवरों की सुगम आवाजाही को सुगम बनाएगा, प्रतिभाओं की पारस्परिक मान्यता को बढ़ावा देगा और शिक्षा, नवोन्मेषण और अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करेगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि यह समझौता 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा।

रल्हन ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रमुख क्षेत्रों, खासकर एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोलता है। यह न केवल शुल्क कम करता है, बल्कि सेवाओं और निवेश के लिए नियामकीय बाधाओं को भी कम करता है।

## टाटा मोटर्स और मारुति की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी

- हुंदै और टोयटा किर्लोस्कर की घटी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया की खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर सितंबर में हुंदै मोटर इंडिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है। टाटा की बाजार हिस्सेदारी पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बढ़कर 13.75 प्रतिशत हो गई। पिछले साल टाटा ने 32,586 वाहन बेचे थे और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11.52 प्रतिशत रही थी। मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में कुल 1,23,242 वाहन बेचे, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2024 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 40.83 प्रतिशत रही थी।

# एनएसई पर रोज 17 करोड़ साइबर हमले

**मुंबई, एजेंसी**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को प्रतिदिन लगभग 17 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने को एक्सचेंज को चौबीसों घंटे काम करने के लिए 'साइबर योद्धाओं' की एक समर्पित टीम की आवश्यकता होती है। एनएसई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एक दिन में सबसे अधिक 40 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसे डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया था। हालांकि, साइबर हमलावर कर्मियों, मशीनों और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वित प्रयासों के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए।

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक्सचेंज पर हर दिन लाखों साइबर हमले होते हैं। लेकिन हमारी तकनीकी टीमें, उनकी प्रणाली और तकनीक विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके चौबीसों घंटे इन हमलों का मुकाबला करती हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों की संख्या प्रतिदिन 15 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिससे टीमों और प्रणालियों के लिए यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। दोनों साइबर सुरक्षा केंद्रों की तकनीकी टीमें लगातार सक्रिय रहती हैं और वित्तीय बाजार के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर होने वाले हमलों को बेअसर करने और उन्हें रोकने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस हैं।

- योद्धाओं की टीम सुनिश्चित करती है निर्बाध परिचालन

### ट्रेडिंग सदस्यों की नियमित होती है ऑडिट



अधिकारी ने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों, मशीनों और तकनीक से युक्त मजबूत साइबर सुरक्षा संरचना, एनएसई के संचालन को सुरक्षित बनाती है। एनएसई ने अपने संचालन के लिए मजबूत आंतरिक साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं और एनएसई अकादमी के माध्यम से एक साइबर सुरक्षा बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेडिंग सदस्यों को नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और साइबर-जुझारू क्षमता ऑडिट करवाना पड़ता है, जिसके परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में ई-मेल, बाहरी डेटा, पेन ड्राइव और डिस्ट्रिब्यूटिड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकॉल शामिल हैं।

## आतिथ्य, यात्रा सेवाओं की मांग में जबर्दस्त उछाल

**नई दिल्ली।** दिवाली के लंबे सप्ताहांत से पहले इस त्योहारी मौसम में आतिथ्य और यात्रा सेवा प्रदाताओं की मांग में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा रही है। शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है, और इंटरसिटी बस सेवाओं में बुकिंग का स्तर 95-100 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार मध्यम स्तर के होटल और मध्यम बाजार के घरेलू ग्राहकों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे यात्रियों के लिए कम प्रसिद्ध स्थलों की खोज करना आसान हो गया है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि होटल में बुकिंग बढ़ी है। यह परिवार, दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने और त्योहार मनाने के लिए यात्रियों के उत्साह को दर्शाता है।

# बाजार पूंजीकरण में जोमैटो ने ओएनजीसी को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का मूल्य लगभग 3.10 लाख करोड़ रुपये है और इस लिहाज से यह अब खाद्य वितरण कंपनी जोमैटो से पीछे है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि ओएनजीसी की अनुषंगी कंपनियों औरं अन्य निवेश में हिस्सेदारी इसके बाजार पूंजीकरण के एक तिहाई से अधिक है। इससे पता चलता है कि भारत की सबसे बड़ी तेल और गैस उत्पादक कंपनी का मूल्यांकन शायद कम किया गया है।

बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को कारोबार बंद होने पर ओएनजीसी का बाजार मूल्यांकन 3.097 लाख करोड़ रुपये था। यह आंकड़ा इटर्नल लिमिटेड (जिसे पहले जोमैटो के नाम से जाना जाता था) के 3.36 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन से कम है। साथ ही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (3.23 लाख करोड़ रुपये) और टाइटन कंपनी (3.13 लाख करोड़ रुपये) का मूल्यांकन भी ओएनजीसी से ज्यादा है।

### 2012 में सबसे मूल्यवान कंपनी थी ओएनजीसी

ओएनजीसी 2012 में 2.44 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी थी। उस समय यह आईटी कंपनी टीसीएस और ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज से आगे थी। पिछले 13 वर्षों में ओएनजीसी का बाजार पूंजीकरण केवल 26 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि अन्य सूचीबद्ध कंपनियों ने भारी उछाल देखा है। रिलायंस का मूल्यांकन जुलाई, 2012 के 2.43 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर शुक्रवार को 18.7 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण जुलाई, 2012 के 2.42 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अब 10.95 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### सेंसेक्स की आठ कंपनियों का पूंजीकरण बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,94,148.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टीसीएस रही। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई।

## विनट्रैक इंक प्रकरण में कस्टम विभाग की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** चेन्नई की फर्म विनट्रैक के प्रकण में राजस्व विभाग द्वारा की गई प्रारंभिक तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई शुरू करते हुए विजलेंस जांच शुरू कर चेन्नई में सीमाशुल्क विभाग के कई अधिकारियों को दूसरी जगह भेज दिया गया है और एक दलाल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने कहा है कि आगे की सतर्कता विभाग द्वारा जांच शुरू करा दी गई है। इसकी रिपोर्ट 4-6 सप्ताह में आने की उम्मीद है, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जा सकती है। आयात-निर्यात करने वाली चेन्नई की कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गांधी जयंती के एक दिन पहले एक बयान में सीमा शुल्क विभाग की चेन्नई टीम पर भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाते हुए कारोबार बंद करने की धमकी दी थी।

### बाजार हुए गुलजार



प्रकाश पर्व दीपावली में कुछ दिन शेष रह गए हैं। लोगों ने त्योहार को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। जहां घर-द्वार की सज्जा हो रही है वहीं बाजार गुलजार हैं। पर्व के दिन घर को रोशन करने के लिए रविवार को नागपुर में लालटेन की खरीदारी करते लोग।

# 90% लोग गुणवत्तापूर्ण इलाज पर ज्यादा खर्च करने को तैयार

- फिक्की और ईवाई-पार्थेनन की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में करीब 83 प्रतिशत मरीज अपने स्वास्थ्य देखभाल विकल्पों के लिए सटीक और सुलभ जानकारी चाहते हैं। करीब 90 प्रतिशत प्रमाणित गुणवत्ता वाले इलाज के लिए ज्यादा खर्च करने को तैयार है। फिक्की और ईवाई-पार्थेनन की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

इस रिपोर्ट के अनुसार भारत की स्वास्थ्य सेवाएं वैश्विक स्तर पर बहुत अच्छी हैं, लेकिन संरचनात्मक और वित्तीय दबाव यह संकेत देते हैं कि एक राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक ढांचा तैयार किया जाना आवश्यक है, जिससे मरीज सूचित निर्णय ले सकें। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए 40 शहरों के 250 अस्पतालों पर शोध किया गया। 1,000 से अधिक मरीजों और 100 से ज्यादा चिकित्सकों की राय ली गई। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में प्रति व्यक्ति अस्पताल के बिस्तरों की उपलब्धता 2000 से दोगुनी हो गई है, फिर भी यह वैश्विक मानकों की तुलना में बहुत कम है। औसतन प्रति अस्पताल केवल 25-30 बिस्तर हैं, जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह संख्या 100 से अधिक होती है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लगभग 83 प्रतिशत मरीज इलाज के संबंध में निर्णय करने के लिए सटीक और आसान जानकारी चाहते हैं।

## भारत-ईयू की 14वें दौर की वार्ता पूरी

**नई दिल्ली।** भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) के वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्रुसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए 14वें दौर की वार्ता पूरी कर ली है। एक अधिकारी ने बताया कि पांच दिवसीय वार्ता छह अक्टूबर को शुरू हुई थी, जिसका उद्देश्य वस्तुओं और सेवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मतभेदों को दूर कर वार्ता को जल्द पूरा करना था।

वार्ता को गति देने के लिए इस दौर के अंतिम दिनों में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी भारतीय वार्ताकारों के साथ शामिल हुए। अग्रवाल ने यात्रा के दौरान यूरोपीय आयोग के व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के साथ विचार-विमर्श किया।

### सर्राफा बाजार

### सवा लाख रुपये प्रति दस ग्राम पहुंचा सोना, 1.69 लाख रुपये प्रति किलो हुई चांदी, फिर भी खरीद तेज

# सातवें आसमान पर सोना-चांदी, चमक से बाजार गुलजार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** इस साल के आरंभ से ही सोने, चांदी के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी जारी है। बावजूद इसके सर्राफा बाजार की भी चमक बढ़ती जा रही है। कारोबारियों के अनुसार, पितृ पक्ष से ही ग्राहक सोने व चांदी के आइटम की बुकिंग करा रहे थे। ये क्रम नवरात्रि से दशहरा तक जारी रहा। इस दौरान 300 करोड़ के करीब सर्राफा कारोबार हुआ है जो कि दीपावली तक दो गुना होने की उम्मीद है।

बरेली सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल के अनुसार सोने व चांदी के दामों में बीते कई वर्षों से चढ़ाव जारी है, लेकिन इस साल की शुरुआत के साथ ही सोने-चांदी की कीमतों में उड़ान जारी है। इनकी कीमतें अभी और बढ़ने की संभावना है। रविवार तक सोना प्रति दस ग्राम 1.28 लाख और चांदी प्रति किलो 1.70 लाख रुपये रही। बताया कि बीते वर्षों की तुलना में इस वर्ष जनवरी में जहां चांदी की कीमत 87,700 रुपये के करीब थी जो कि अब तक बढ़कर 1.70 के करीब पहुंच गई है। हालांकि सरकार ने 9 व 11 कैरेट के आभूषणों की अनुमति दी है, जिसके चलते बढ़ती कीमतों के बाद भी ग्राहकों की संख्या कम नहीं हुई है।

**900** से 1000 करोड़ का हो रहा सालाना कारोबार

**700** से अधिक सर्राफ की दुकानें हैं पंजीकृत

- सर्राफा बाजार पर नवरात्रि से करवाचौथ तक हुई धनवर्षा
- दीपावली पर अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी की उम्मीद



तेजी से बढ़ती कीमतों के कारण सोने और चांदी की उपलब्धता में कमी आई है। महंगे भाव के बाद भी थोक दुकानदार सोने व चांदी की बिक्री नहीं कर रहे हैं। बुकिंग बंद कर रखी हैं इस कारण बाजार में भाव से भी ऊपर सोना-चांदी की मांग बनी हुई है। **- संतोष गुप्ता**



सरकार ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए 9 व 11 कैरेट के आभूषण को स्वीकृति दी थी। इसी का परिणाम है कि सोना महंगा होने के उपरांत भी आम आदमी आभूषण ले पा रहा है। **- राजेंद्र अग्रवाल**



सोने व चांदी के बढ़ते दामों के बावजूद ग्राहकों में जेवर खरीदने का उत्साह है। निवेश के लिए भी ग्राहक सोने व चांदी को सबसे अच्छी वस्तु के रूप में देख रहे हैं। दीपावली तक कुछ नये ऑफर भी ग्राहकों के लिए लेकर आ रहे हैं, जिससे कारोबार बढ़ने के आसार हैं। **- विपिन गुप्ता**

### जमकर हुई खरीदारी, ग्राहकों ने बदला ट्रेंड

सोने व चांदी के बढ़ते दामों का असर बाजार पर नजर नहीं आया। नवरात्रि से लेकर करवाचौथ तक, बाजारों में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। कारोबारियों के अनुसार ग्राहकों ने भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण खरीदे। सोने के सिक्कों, मंगलसूत्र, कंगनों और नथों की जमकर बिक्री हुई।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सेशेल्स: पैट्रिक हर्मिनी होंगे नए राष्ट्रपति



**विक्टोरिया।** सेशेल्स में विपक्ष के नेता पैट्रिक हर्मिनी ने शनिवार को दूसरे चरण के मतदान में मौजूदा नेता वेवल रामकलावन को हराकर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। रविवार तड़के जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार, हर्मिनी को 52.7 प्रतिशत वोट मिले, जबकि रामकलावन को 47.3 प्रतिशत वोट मिले। हर्मिनी 'यूनाइटेड सेशेल्स पार्टी' का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने 2020 में सत्ता गंवाने से पहले चार दशकों तक देश का नेतृत्व किया था। रामकलावन ने लिनयोन डेमोक्रेटिक सेसेलवा पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रपति पद के लिए दो सप्ताह पूर्व हुए मतदान में कोई स्पष्ट विजेता नहीं मिलने के बाद दूसरे चरण का मुकाबला हुआ था जिसमें मुख्य दावेदार रामकलावन और हर्मिनी थे।

### सूडान: ड्रोन हमलों में 60 से ज्यादा की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स की ओर से ड्रोन हमलों में शनिवार को 60 से ज्यादा नागरिक मारे गए। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरक़म आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से ज्यादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरक़म आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुज़ुर्गों सहित 30 से ज्यादा नागरिक मारे गए।

### चीनी दल ने फिलीपींस के जहाज को टक्कर मारी

**मनीला।** चीनी तट रक्षक के एक जहाज ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी निवासियों के एक द्वीप के पास लंगर डाले फिलीपींस सरकार के एक जहाज पर पहले तो जोरदार पानी की बौछार की और फिर उसे टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि इस घटना में फिलीपींस के मछुआरों को सहायता प्रदान करने वाले मत्स्य बेड़े का हिस्सा रहे 'बीआरपी दातु पगबुया' जहाज के फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से किसी को भी चोट नहीं आई। मनीला, बीजिंग और चार अन्य देशों के बीच लंबे समय से जारी क्षेत्रीय विवादों के बीच ताजा घटना में चीन के तट रक्षक बल ने फिलीपींस के कब्जे वाले थिटू द्वीप के पास पगबुया को निशाना बनाया।

# नेपाल: सोने की तस्करी में पकड़े गए प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष महरा

**काठमांडू, एजेंसी**



- महरा पर 8.5 करोड़ के सोने की तस्करी में लिप्त होने का है आरोप

नेपाल के प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा को सोने की तस्करी में कथित संलिप्तता को लेकर रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

नेपाल पुलिस के अनुसार, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के 67 वर्षीय उपाध्यक्ष को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ललितपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि महरा को 8.55 करोड़ नेपाली रुपये मूल्य का सोना बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिसे तीन साल पहले त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर रखा गया था। तब दुबई से आ रहे एक चीनी नागरिक को काठमांडू हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के अंदर छिपाकर सोने की तस्करी करने पर गिरफ्तार किया गया था। महरा को उस वक्त बाजार में सोना बेचने में आपराधिक गिरोहों और हवाई अड्डा के कुछ अधिकारियों की मदद में लिप्त पाया गया था। प्रतिनिधि सभा भारतीय लोकसभा की तरह नेपाल में संसद का निचला सदन होती है।

## महाशक्तियों के बीच गहराता शीतयुद्ध

# चीन और अमेरिका




विश्व की दो सबसे बड़ी महाशक्ति चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के मुख्य कारण तकनीकी और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के साथ चीन की सैन्य शक्ति में वृद्धि है। चीन का दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण है। माना जा रहा है कि चीन ने तकनीकी वर्चस्व पर अमेरिका के नियंत्रण को रोकने के लिए ही दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है, क्योंकि इन खनिजों का उपयोग उन्नत प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इसी वजह से व्यापार युद्ध में एक-दूसरे पर पहले से हावी होने की कोशिश कर रहे इन दोनों देशों के बीच एकाएक टकराव और बढ़ गया है। दुनिया में दुर्लभ खनिजों के उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है और उसने इसके निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है। अमेरिका ने जवाब में चीन पर 100% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है जिसका चीन की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है। इस नए टकराव ने वैश्विक अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है।

### दुर्लभ खनिजों पर सख्ती क्यों

- चीन ने इन खनिजों के निर्यात पर सख्ती इसलिए बढ़ाई है ताकि वह अपनी भूराजनीतिक शक्ति बढ़ा सके और अमेरिका जैसे देशों पर दबाव डाल सके।
- यह जवाबी कार्रवाई भी है। अमेरिका ने चीन की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए तो चीन ने महत्वपूर्ण खनिजों का निर्यात नियंत्रित करके दबाव बनाया।
- चीन का तर्क है कि ये खनिज सैन्य और नागरिक उपयोग दोनों तरह के उत्पादों में इस्तेमाल होते हैं। अमेरिका इनका सैन्य इस्तेमाल ज्यादा कर रहा है।
- चीन खनन से होने वाले प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को कम करने का हवाला भी दे रहा है। हालांकि इसे उसका बहाना माना जा रहा है।

**चीन पर असर :** भारी टैरिफ के कारण विदेशी कंपनियां चीन में निवेश करने से हिचकिचाएंगी।

### उत्पादन की स्थिति

- दुर्लभ खनिजों के उत्पादन पर हावी चीन वैश्विक उत्पादन के 61% का खनन करता है और विश्व के 92% से अधिक प्रसंस्करण को नियंत्रित करता है।
- हालांकि कुछ अन्य देशों में भी दुर्लभ खनिजों के भंडार हैं। अमेरिका के माउंटेन पास में एक खदान है, लेकिन यह वैश्विक मांग को पूरा नहीं कर सकती।
- दुर्लभ खनिजों पर चीन की एकाधिकार जैसी स्थिति ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बहुत कमजोर बना दिया है, इस कारण दुनिया चीन पर निर्भर हो गई है।

### तनाव के मुख्य कारण

- तकनीकी प्रतिस्पर्धा सबसे प्रमुख, दोनों देश सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य हाईटेक क्षेत्रों में वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।
- आर्थिक प्रतिस्पर्धा के चलते अमेरिका चीन के बड़े व्यापार घाटे से चिंतित है और टैरिफ लगाकर चीन के निर्यात को काबू करने का प्रयास कर रहा है।
- अमेरिका की सुरक्षा चिंताएं भी एक कारण है। चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति और उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड को लेकर अमेरिका की चिंता बढ़ रही है।

### टकराव का दुनिया पर असर

- दुनिया की अर्थव्यवस्था इन दोनों देशों पर बहुत निर्भर है। इस टकराव से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़े व्यवधान आ सकते हैं, जिससे कई उद्योगों पर बुरा असर पड़ेगा।
- व्यापार युद्ध से वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थिरता खत्म हो सकती है।
- निवेश में बदलाव की भी संभावना बढ़ेगी। कंपनियां स्वाभाविक रूप से निर्भरता कम करने के लिए चीन से बाहर वैकल्पिक उत्पादन स्थलों की तलाश करेंगी।

### भारत के लिए संकेत

- भारत के लिए यह एक अवसर हो सकता है क्योंकि अमेरिका समेत कई देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला तलाश रहे हैं।
- भारत-अमेरिका हिंद महासागर में चीन की बढ़ती शक्ति का मुकाबला करना चाहते हैं। भारत को अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने का मौका मिलेगा।

# गाजा युद्ध: मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण

## ट्रंप और अब्देल फतेह करेंगे अध्यक्षता, यूएन महासचिव गुटेरेस भी लेंगे हिस्सा

**काहिरा, एजेंसी**

इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए मिस्र में सोमवार को आयोजित हो रहे शांति सम्मेलन में भारत सहित करीब 20 देशों और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। गाजा पट्टी में शांति लाने के मकसद से मिस्र के मशहूर पर्यटक स्थल शर्म-अल-शेख में सोमवार को होने जा रहे इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को भी न्योता भेजा गया है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के मुताबिक इस बेहद महत्वपूर्ण सम्मेलन में आमंत्रित किए गए देशों में भारत का नाम भी शामिल है। उसने सीसी के कार्यालय के हवाले से बताया कि यह शिखर सम्मेलन क्षेत्र में शांति के लिए ट्रंप के नजरिए और वैश्विक संघर्षों को खत्म करने की उनकी लगातार की जा रही कोशिशों के अनुरूप है। इसका मकसद गाजा में चल रही जंग को खत्म करना, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय सहयोग एवं सुरक्षा का एक नया अध्याय शुरू करना है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने बताया कि शिखर सम्मेलन में गाजा में युद्ध समाप्त करने संबंधी एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस शिखर सम्मेलन को 'शर्म अल-शेख शांति शिखर सम्मेलन-गाजा में युद्ध की समाप्ति के लिए समझौता' नाम दिया गया है। गुटेरेस के कार्यालय ने उनके इसमें भाग लेने की पुष्टि की है।



युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद गाजा में घरों को लौटते फिलिस्तीनी।

### वार्ता के बाद हस्ताक्षर समारोह

ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस शिखर सम्मेलन में गाजा शांति योजना पर एक 'हस्ताक्षर समारोह' भी शामिल होगा, जो दो साल के संघर्ष और रक्तपात के बाद इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ होगा। यह शिखर सम्मेलन हाल के दिनों में शर्म अल-शेख में गहन परोक्ष वार्ता के बाद इजराइल और हमास के बीच हुए युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति के बाद हो रहा है। बीते दो साल से चल रही इस जंग में 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

### कई यूरोपीय नेता होंगे शामिल, भारत की ओर से जाएंगे कीर्तिवर्धन सिंह

इस सम्मेलन में अरब, मुस्लिम, एशियाई और यूरोपीय देशों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। उनके अलावा कई यूरोपीय नेताओं ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मिस्र आने की पुष्टि कर दी है। इनमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी उपस्थित रह सकते हैं। इनके अलावा ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन, जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। भारत की ओर से विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### क्या होगा आगे... कैदियों को रिहा करेगा हमास निरस्त्रीकरण और शासन पर जारी रहेगी वार्ता

इजराइली रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप की योजना के मुताबिक समझौते की शर्तों के तहत इजराइली सेना ने गाजा के अंदर एक हद तक अपनी वापसी पूरी कर ली है। अगले तीन दिनों में हमास को अभी भी बंद सभी 48 कैदियों को रिहा करना होगा, जिनमें से लगभग 20 के जीवित होने का अनुमान है। उम्मीद है कि इजराइल और हमास ट्रंप की योजना के अगले चरणों पर चर्चा जारी रखेंगे, जिसमें हमास निरस्त्रीकरण, युद्धोत्तर प्रशासन और नए संघर्ष को रोकने के लिए सुरक्षा गारंटी जैसे विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस बीच युद्धविराम जारी रहेगा।

## सबसे बड़ी नौका दौड़



इटली की ट्राइस्टे की खाड़ी में रविवार को हजारों लोगों ने पारंपरिक बारकोलाना रेगाटा में भाग लिया। यह दुनिया की सबसे बड़ी नौका दौड़ है जो हर साल अक्टूबर में होती है। इसे एक बड़े समुद्री उत्सव की तरह संगीत और मनोरंजन के साथ मनाया जाता है।

### मिस्र में हुई कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के लाल सागर स्थित शर्म अल शेख में रिसॉर्ट जाते समय शनिवार को एक कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि शर्म अल-शेख से लगभग 50 किमी दूर एक वाहन के पलट जाने से दो अन्य राजनयिक घायल हो गए। कतर की प्रोटोकॉल टीम के ये राजनयिक हमास और इजराइल के बीच युद्ध विराम होने का जश्न मनाने शहर जा रहे थे। कतर ने मिस्र और अमेरिका के साथ मिलकर मध्यस्थता की थी। तुर्किये भी शर्म अल-शेख में हुई वार्ता में शामिल हुआ था। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद बंधकों और सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया।

# चीन की अमेरिका को चेतावनी, 100% टैरिफ का कड़ा जवाब देंगे

**बीजिंग, एजेंसी**



- कहा- टैरिफ की धमकी देकर चीन के साथ नहीं बैठ सकता तालमेल

चीन ने दुर्लभ खनिज और ऐसी दूसरी वस्तुओं के निर्यात पर अंकुश से जुड़े फैसले का बचाव करते हुए इसे वैश्विक शांति की रक्षा के लिए एक वैध कदम बताया है, साथ ही अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीनी निर्यात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी पर कायम रहते हैं तो वह इसका ठोस जवाब देगा।

चीन ने बृहस्पतिवार को दुर्लभ खनिज, लिथियम बैटरी और दुर्लभ खनिज आधारित सामग्री के खनन व प्रसंस्करण से संबंधित तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नयी पाबंदियों की घोषणा की थी। तत्काल प्रभावी हुई इन पाबंदियों के दायरे में उत्पादन प्रौद्योगिकियों का विदेशी हस्तांतरण भी आता है। बीजिंग ने कहा कि यह निर्णय इस चिंता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि कुछ विदेशी कंपनियां सैन्य उद्देश्यों के लिए चीन से प्राप्त सामग्रियों का उपयोग कर रही हैं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नवंबर से चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसके बाद दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध फिर से शुरू हो गया।

### गलत रास्ता छोड़े और वार्ता से दूर करे मतभेद

चीन ने कहा, हम व्यापार युद्ध से नहीं डरते। अमेरिका अपनी गलत प्रथाओं को तुरंत सुधारे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच फोन कॉल के दौरान बनी महत्वपूर्ण सहमति का पालन करे और वार्ता और पारस्परिक सम्मान एवं समान परामर्श के माध्यम से व्यापार मतभेदों को हल करे। बयान में कहा गया, अगर अमेरिका गलत रास्ते पर जाने पर अड़ा रहता है तो चीन निश्चित रूप से अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगा।

ट्रंप की धमकी से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में अमेरिका पर राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ाचढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया। कहा, जानबूझकर भारी टैरिफ लगाने की धमकी देना चीन के साथ तालमेल बिठाने का सही तरीका नहीं है।

# ट्रंप का आदेश, जितना भी पैसा है उससे पहले सैनिकों को दें वेतन

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी वित्त पोषण रुकने के कारण हुए 'शटडाउन' के बावजूद अमेरिकी सैनिकों को बुधवार को वेतन देने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करे।

ट्रंप ने कहा कि यह एक अल्पकालिक उपाय है जो उन लाखों संघीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें छुट्टी पर भेज दिया गया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह इसलिए कदम उठा रहे हैं क्योंकि हमारे बहादुर सैनिकों को निर्धारित 15 अक्टूबर को उनका वेतन नहीं मिल पाएगा। ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं को दोषी ठहराते हुए कहा कि वह कमांडर-इन-चीफ के रूप में अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को 15 अक्टूबर को सैनिकों को वेतन दिलाने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करने का निर्देश दे रहे हैं।

# यूक्रेन की पावर ग्रिड पर रूस ने फिर किया हमला

## सर्दी से पहले यूक्रेन का ऊर्जा ढांचा ठप करने के अभियान के तहत बनाया निशाना

**कीव, एजेंसी**

रूस ने रविवार रात यूक्रेन की पावर ग्रिड पर हमला किया ताकि सर्दियों से पहले यूक्रेनी ऊर्जा बुनियादी ढांचे को ठप कर दिया जाए। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब मॉस्को अमेरिका की ओर से यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दिए जाने की संभावना पर गहरी चिंता जता चुका है।

कीव के क्षेत्रीय गवर्नर मायकोला कलाश्निक ने कहा कि क्षेत्र में एक सबस्टेशन पर रूसी हमलों में यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के दो कर्मचारी घायल हो गए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि डोनेट्स्क, ओडेसा और चेर्निहीव क्षेत्रों में भी ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उन्होंने यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइल उपलब्ध कराने के बारे में एक तरह से निर्णय ले लिया है, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। यूक्रेन का एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा करने वाला है।

इस बीच, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने एक टिप्पणी में कहा, टॉमहॉक का विषय बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, यह वाकई एक बहुत नाटकीय क्षण है क्योंकि हर तरफ से तनाव बढ़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी एवं बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने भी रविवार को कहा कि उन्हें संदेह है कि अमेरिका यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें देगा। मुझे लगता है कि हमें शांत रहने की ज़रूरत है।

### जेलेंस्की ने की रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग




यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा, रूस हमारे शहरों और समुदायों के खिलाफ अपना हवाई आतंक जारी रखे हुए है, हमारे ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले तेज कर रहा है। कहा, रूस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन के खिलाफ 3,100 से अधिक ड्रोन, 92 मिसाइलें और लगभग 1,360 ग्लाइड बम दागे हैं। ज़ेलेंस्की ने रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने का भी आह्वान किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, रूसी तेल के खरीदार जो इस युद्ध को वित्तपोषित करते हैं, उनके के खिलाफ प्रतिबंध, टैरिफ और संयुक्त कार्रवाई, सभी मुद्दों पर बातचीत जारी रहनी चाहिए।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अक्टूबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 12.24 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व, ऋतु- शरद।

चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- आर्द्रा 12.26 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज नए मित्र बन सकते हैं। अपनी भावी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ्यूज हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा विशेष रूप से सुखद रहेगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बनाए रखें। व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे।

**वृष** — आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को अत्यधिक महत्व देंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करने के लिए दिन उत्तम है। किसी महत्वपूर्ण बात को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज व्यवसाय को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका दायरा मजबूत होगा।

**कर्क** — आज आपके ऊपर अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी। व्यवसाय में अपने खर्चों पर नियंत्रण करने का दबाव रहेगा। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाए रखें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल-पुथल होने की संभावना है।

**सिंह** — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है। आप कुछ नया सीखने को लेकर प्रेरित रहेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा।

**कन्या** — आज गुप्त शत्रुओं की वजह से कुछ समस्या हो सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। दूसरों के झगड़ों में मध्यस्थता न करें। कारोबार में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रबंधन से जुड़े लोगों का काम बढ़ने वाला है।

**तुला** — आज महिलाओं का स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। संतान का व्यवहार आपके प्रति काफी अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद लेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में तनाव होने की संभावना है। आपको कुछ कार्य ऐसे करने पड़ सकते हैं, जिनकी आपको अपेक्षा भी नहीं थी।

**धनु** — आज शाम को आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप जिनके साथ अच्छा करें वही आपको महत्व न दें। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिलेगी। नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा करेंगे।

**मकर** — आज लोन से जुड़े हुए अटके काम शुरू हो सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। विपरीत परिस्थितियों में फंसे लोगों की सहायता कर सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**कुंभ** — आज विवादों का समाधान निकल सकता है। अपने निर्णयों को दूसरों पर आरोपित न करें। किसी को उधार धन न दें। बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिंता हो सकती है। उच्च पदासीन लोगों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** — आज आयात-निर्यात के कारोबार में तेजी आएगी। नौकरी में अधिकारी वर्ग आपकी अनदेखी कर सकते हैं। अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिए धन खर्च करेंगे। साहित्य और लेखन की दिशा में आपकी रुचि बढ़ सकती है।

## सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |



एसीए वीडीसीए स्टेडियम में मेरे नाम पर एक स्टैंड होना गर्व की बात है। मैं आंध्र प्रदेश सरकार और आंध्र प्रदेश क्रिकेट संघ को धन्यवाद देती हूं। विशाखापत्तनम का मेरे दिल में विशेष स्थान है, जहां मैने खेल को सीखने, अपने कौशल को निखारने के लिए घंटो मेहनत की है।
–पूर्व कप्तान मिताली राज

# स्टेडियम

बरेली, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### हमें मैच को पांचवें दिन तक खींचना होगा: पियरे

**नई दिल्ली** : दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के शुरुआती तीन दिन तक पिच ज्यादातर बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। ऐसे में वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर खारी पियरे को उम्मीद है कि उनकी टीम के पास मैच को पांचवें दिन तक ले जाने का मौका है। पियरे ने कहा मुझे लगता है कि पिच अभी भी अच्छी है, कभी-कभी गेंद स्पिन हो रही है। पियरे ने भारतीय स्पिनरों को विकेट लेने में हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा अगर पिच ऐसे ही बनी रही, तो हमारे बल्लेबाजों को टिकने और रन बनाने का भरपूर मौका मिलेगा। हम पांचवें दिन तक मैच खींच सकते हैं।अभी यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच है, लेकिन जैसे ही हम चौथे दिन के अंतिम सत्र या पांचवें दिन पहुंचेंगे, मुझे लगता है कि पिच काफी टूटेगी, गेंद नीची रहेगी और थोड़ा ज्यादा स्पिन भी करेगी।

### पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई : डोएशे

**नई दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि पिच के धीमा होने से बल्लेबाजी आसान हो गई है, जिससे भारतीय स्पिनरों को चौथे दिन काफी मेहनत करनी पड़ेगी। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज को फालोऑन खेलने पर मजबूर किया, पर जॉन कैंपबेल और शाई होप ने भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना करते हुए दूसरी पारी को मजबूती दी। हमें लगा था कि पिच धीरे-धीरे और खराब होती जाएगी और दिन के अंत तक बल्लेबाजों के लिए मुश्किल बढ़ जायेगी पर ऐसा लग रहा है कि यह और भी धीमी हो गई है। गेंदबाजों के लिए अब गति हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

# फॉलोऑन के बाद कैंपबेल और होप ने वेस्टइंडीज को संभाला

## पारी की हार से बचने के लिए अभी 97 रन और बनाने होंगे, आज परिणाम आने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही।

वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तब अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है जो वेस्टइंडीज के नाम रहा।

कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाये। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा। इससे पहले शुरुआती दो सत्र में कुलदीप ने अपनी कलात्मकता का नजारा पेश करते हुए पांच विकेट झटककर वेस्टइंडीज की पहली पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत पहली पारी में चार विकेट पर 140 रन से की लेकिन आधे घंटे के खेल के बाद कुलदीप ने शानदार गेंद पर शाई होप (36) को बोल्ड कर भारत के दबदबे को मजबूत किया। वेस्टइंडीज की पहली पारी 81.5 ओवर में 248 रन पर सिमटी।

पहली पारी में 270 रन की बढ़त होने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज को फालोऑन करने को कहा। चाय के विश्राम से पहले मोहम्मद सिराज ने सपाट पिच पर तेगनारायण चंद्रपॉल (10) को और एक तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो अपने पुल-शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाए। कप्तान शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया।

एलिस अथानजे (सात) को वाशिंगटन सुंदर ने एक बेहतरीन ऑफ स्पिन लेती गेंद पर आउट किया। दूसरे सत्र की शुरुआत में जसप्रीत बुमराह ने खारी पियरे को बोल्ड कर मैच में पहली सफलता हासिल की। इसके बाद कुलदीप ने जेडेन सील्स को पगबाधा कर टेस्ट करियर के 15वें टेस्ट में पांचवीं बार पांच विकेट पूरे किए।



वेस्टइंडीज के जॉन कैंपबेल और शाई होप ने तीसरे दिन हार टाल दी। एजेंसी

### तेज गेंदबाज जेडेन सील्स पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली** : वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ यहां खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया जिससे गेंद उनके पैड पर लगी।

- भारत पहली पारी : 518/5 (घोषित)
- वेस्टइंडीज पहली पारी : 248/10

**वेस्टइंडीज**

**173/2** (49 ओवर) (दूसरी पारी)

| | |
|---|---|
| जॉन कैंपबेल खेल रहे हैं | 87 |
| तेगनारायण का गिल बो सिराज | 10 |
| एलिस अथानजे बो सुंदर | 07 |
| शाई होप खेल रहे हैं | 66 |

**गेंदबाजी** : सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

# कुलदीप ने पांच विकेट लेते ही रचा इतिहास दिग्गजों की बराबरी की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कुलदीप यादव जब मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए मुसीबतें दूर नहीं होतीं। आज, भारत के बाएं हाथ के कलाई के जादूगर ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को स्तब्ध करते हुए, एक शानदार प्रदर्शन किया। सिर्फ 15 टेस्ट मैचों में, कुलदीप पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं, हालाँकि वार्डल ने यह कारनामा 28 मैचों में किया था। अब उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी शीर्ष पर हैं, और कुलदीप इसे सम्मान की तरह मानते हैं। निर्णायक क्षण शानदार अंदाज में आया जब जेडन सील्स एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। कुलदीप की चतुराई से छिपाई गई गुगली, बल्ले के पास से फिसली, पैड से टकराई और स्टंप्स को चकनाचूर कर गई। सील्स ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले से कोई शक नहीं रहा कि वह आउट हो गए। सटीक। निर्दयी। विशुद्ध कलाकारी। उस विकेट ने कुलदीप के पांच विकेट पूरे कर दिए और हर बल्लेबाज को एक कड़ी चेतावनी दे दीः उनका सामना करना एक ऐसी जंग है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते।

**15** टेस्ट मैचों में पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं

**19** वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से लिए 33 विकेट

### सभी फॉर्मेट में है शानदार रिकॉर्ड

सभी फॉर्मेट में, कुलदीप तूफ़ान की तरह हैं। चार टेस्ट मैचों में, उन्होंने 33.8 के स्ट्राइक रेट से 19 विकेट लिए हैं; 19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से 33 विकेट; और टी20 में, नौ मैचों में 12.7 के स्ट्राइक रेट से 17 विकेट। यह किस्मत नहीं है-यह महारत है, कलात्मकता है, इसका पूरा पैकेज है। वेस्ट इंडीज ने कोशिश की, उन्होंने सचमुच कोशिश की, लेकिन कुलदीप ने उन्हें हर गेंद पर अंदाज़ा लगाने पर मजबूर कर दिया। फ्लाइट, टर्न, छकाना, सब कुछ उनके पास था। स्टेडियम में तालियाँ बजीं, टीम ने तालियाँ बजाईं, और कुलदीप ऐसे चले गए जैसे उन्होंने अभी-अभी यह बयान दिया हो : मैं यहां हूं। मैं घातक हूं। और मैं महान खिलाड़ियों में से एक हूँ। टेस्ट में अब भारत का पलड़ा भारी है, और कुलदीप का यह स्पेल उन प्रदर्शनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा जो सिर्फ़ मैच नहीं जिताते, बल्कि करियर भी तय करते हैं।



स्मृति मंधाना।

# हीली के शतक से ऑस्ट्रेलिया की रिकॉर्ड जीत

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

कप्तान एलिसा हीली की 142 रन की मैराथन पारी और अनाबेल सदरलैंड के पांच विकेट के दम पर आस्ट्रेलिया ने महिला विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए रविवार को भारत को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल की उसकी राह मुश्किल कर दी।

जीत के लिए 331 के रिकॉर्ड लक्ष्य को हीली की पारी ने आसान बना दिया जिन्होंने 107 गेंद में 21 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 142 रन बनाए और एलिसे पैरी ने चोट के कारण मैदान छोड़ने के बाद वापसी करके स्नेह राणा को छक्का लगाकर एक ओवर बाकी रहते टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले महिला विश्व कप में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड भी आस्ट्रेलिया के नाम था जब उसने 2022 में भारत के ही खिलाफ आकलैंड में 278 रन का लक्ष्य हासिल किया था। सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम ने वनडे क्रिकेट में पहली बार तीन सौ से अधिक के लक्ष्य का पीछा करके कामयाबी हासिल की है। इससे पहले फॉर्म में लौटी स्मृति मंधाना (80) और प्रतिका रावल (75) के बीच पहले विकेट की 155 रन की साझेदारी की मदद से भारत ने विश्व कप में अपना सर्वोच्च स्कोर 330 रन बनाया हालांकि सदरलैंड ने पांच विकेट चटकाकर मेजबान पारी को सात गेंद पहले ही समेट दिया। भारत ने आखिरी छह विकेट 36 रन के भीतर गंवा दिए जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। पिछले तीन मैचों में नाकाम रहा भारत का शीर्षक्रम इस अहम मुकाबले में अपेक्षाओं पर खरा उतरा और लगभग खचाखच एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।



ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली व एलिसे पैरी ने शानदार पारी खेली। एजेंसी

**अंक तालिका**

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 1.353 |
| इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.864 |
| भारत | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.682 |
| द.अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.888 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.245 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.357 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | 1 | -1.526 |
| पाकिस्तान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.887 |

**भारत**

**330/10** (48.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रतिका का पैरी बो सदरलैंड | 75 |
| मंधाना का लिचफील्ड बो मोलिनू | 80 |
| हरलीन का सदरलैंड बो मोलिनू | 38 |
| हरमनप्रीत का मोलिनू बो शूट | 22 |
| जेमिमा का मूनी बो सदरलैंड | 33 |
| रिचा घोष का सब बो सदरलैंड | 32 |
| अमनजोत का मोलिनू बो गार्डनर | 16 |
| दीप्ति शर्मा का मूनी बो मोलिनू | 01 |
| स्नेह राणा नाबाद | 08 |
| क्रांति गौड़ का सब बो सदरलैंड | 01 |
| श्री चरणी बो सदरलैंड | 00 |

**गेंदबाजी** : किम गार्थ 5-0-35-0, मेगान शूट 6.1-0-37-1, एशले गार्डनर 7-0-40-1, सोफी मोलिनू 10-1-75-3, अनाबेल सदरलैंड 9.5-0-40-5, तहलिया मैकग्रा 4.5-0-43-0, अलाना किंग 6-0-49-0

- भारत के खिलाफ 331 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल किया

**आस्ट्रेलिया**

**331/7** (49 ओवर)

| | |
|---|---|
| हीली का राणा बो श्री चरणी | 142 |
| फोबे का राणा बो श्री चरणी | 40 |
| एलिसे पैरी नाबाद | 47 |
| बेथ मूनी का रोड्रिग्स बो दीप्ति | 04 |
| अनाबेल सदरलैंड बो श्री चरणी | 00 |
| एशले गार्डनर बो अमनजोत कौर | 45 |
| तहलिया मैकग्रा पगबाधा बो दीप्ति | 12 |
| सोफी पगबाधा बो अमनजोत कौर | 18 |
| किम गार्थ नाबाद | 14 |

**गेंदबाजी** : अमनजोत कौर 9-0-68-2, क्रांति गौड़ 9-1-73-0, स्नेह राणा 10-0-85-0, श्री चरणी 10-1-41-3, दीप्ति शर्मा 10-0-52-2, हरमनप्रीत कौर 1-0-10-0

### सेमीफाइनल की राह हुई मुश्किल

भारत को अब सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ अगले तीनों मैच जीतने के अलावा बाकी मैचों के परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी।

## दक्षिण अफ्रीकी टीम जीत की लय जारी रखने उतरेगी

**विशाखापत्तनम** : दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है।

**समय अपह्रान 3:00 बजे से**

कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी द.अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है। इंग्लैंड के खिलाफ 69 रनों पर ऑल आउट होने के बाद, उनका शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है। ब्रिट्स और लुस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

## अरशद नदीम के कोच पर लगा आजीवन प्रतिबंध

**लाहौर** : पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम के लंबे समय से कोच सलमान इकबाल पर रविवार को देश के एथलेटिक्स महासंघ ने पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। वह इस संघ के अध्यक्ष हैं।

आजीवन प्रतिबंध के तहत इकबाल किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते और कोचिंग भी नहीं दे सकते हैं और किसी भी स्तर पर कोई पद पर काबिज नहीं हो सकते हैं। पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (पीएएएफ) ने इकबाल पर पंजाब संघ के चुनाव कराकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया है जो अगस्त में हुए थे। सितंबर में एक जांच समिति का गठन किया गया था, जिसकी सिफारिश पर कार्रवाई की गई।

**दिल्ली हॉफ मैराथन**

**दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला**

# कीनिया के मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने रविवार को वेदांत दिल्ली हॉफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रहे।

मटाटा ने रविवार को 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला। रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता के दूत और नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कार्ल लुईस ने समापन रेखा पर विजेताओं का स्वागत किया। हॉफ मैराथन, ओपन 10के चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सीनियर सिटीजन रन और ग्रेट दिल्ली रन सहित विभिन्न श्रेणियों में 40,000 से अधिक धावकों ने दिल्ली की सड़कों पर दौड़ लगाई । मटाटा ने दौड़ की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए इथोपिया के टेशागर और हमवतन किपकोगी को आसानी से पछाड़ा।



दिल्ली हॉफ मैराथन में पुरुषों की एलीट ओवरऑल श्रेणी की दौड़ में शीर्ष तीन स्थान हासिल करने वाले धावक केन्याई एलेक्स मटाटा (बीच में), इथियोपिया के बोयेलिन टेशगर (दाएं) और उनके पूर्व हमवतन जेम्स की पकोगी। एजेंसी

### भारतीयों में अभिषेक और सीमा विजयी

**नई दिल्ली** : अभिषेक पाल ने रविवार को वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि सीमा ने अपने पहले ही मुकाबले में प्रभावित किया। इंडियन एलीट प्रतियोगिता में अनुभव और उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जहां अभिषेक पाल और सीमा ने 4,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाल ने पुरुषों की दौड़ में 1:04:17 का समय लेकर जीत हासिल की, जबकि सीमा ने महिलाओं के वर्ग में 1:11:23 का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की। यह जीत अभिषेक की दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी जीत थी, जबकि सीमा ने अपने पदार्पण में ही बाजी मारी।

## एआईएफएफ ने दो विवादास्पद अनुच्छेदों को नहीं अपनाया

**नई दिल्ली** : अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को अपनी विशेष आम सभा (एसजीएम) की बैठक में उच्चतम न्यायालय द्वारा मंजूर किए संविधान को अपनाया, लेकिन दो विवादास्पद अनुच्छेदों को छोड़ दिया है जो शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 19 सितंबर को न्यायाधीश एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार किए गए एआईएफएफ के संविधान के मसौदे को कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दे दी थी और महासंघ को इसे चार हफ्तों के भीतर अपनाने का निर्देश दिया था। लेकिन संविधान के मसौदे के दो अनुच्छेद शीर्ष अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गए थे और एआईएफएफ ने इन दो नियमों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया।

**जीत की खुशी**



वुहान ओपन के महिला एकल का खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनातीं संयुक्त राज्य अमेरिका की कोको गॉफ। मध्य चीन के वुहान में हुए फाइनल में उन्होंने अपनी हमवतन जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हरा दिया। ● एजेंसी